राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 19 अंकः 276 पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## राज्यपाल ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को ह्यमानसखंडह्ल के अंतर्गत आने वाले पावन मंदिरों, विशेष रूप से कैंची धाम और जागेश्वर धाम की यात्रा के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपति का आगमन राज्य के लिए गौरव और प्रेरणा का अवसर होगा। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तराखंड में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दीं और देवभूमि उत्तराखंड भ्रमण के लिए आमंत्रित किया।

## जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में लगी आग, आठ मरीजों की मौत, जांच कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात लगी आग से आठ मरीजों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं भी हैं। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठे किए। अग्निकांड की जांच के लिए शासन स्तर पर छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। अधिकारियों के अनुसार रविवार रात लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर रूम में आग लगी। स्टोर में पेपर, मेडिकल उपकरण और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे हुए थे। देखते ही देखते आग ने आईसीयू को अपनी चपेट में ले लिया और पूरे वार्ड में धुआं फैल गया। फायर विभाग के कर्मचारी अवधेश पांडे के अनुसार अलार्म बजते ही टीम मौके पर पहुंच गई, लेकिन धुएं



के कारण अंदर जाना संभव नहीं था। टीम ने बिल्डिंग की दूसरी ओर से खिड़कियों के शीशे तोड़कर पानी की बौछार की और लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सभी मरीजों को बेड सहित सड़क पर शिफ्ट किया गया। भरतपुर निवासी शेरू ने बताया कि आग लगने से करीब 20 मिनट पहले वार्ड में धुआं दिखाई देने लगा था।

**दुखद**

**आईसीयू में ग्लास वर्क होता है। इस वजह से धुएं और जहरीली गैसों के बाहर निकलने में बाधा आई**

उन्होंने स्टाफ को सूचना दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। थोड़ी देर बाद प्लास्टिक की ट्यूबें पिघलने लगीं और वार्ड बॉय बाहर निकल गए। उन्होंने बताया कि अपने मरीज को उन्होंने स्वयं बाहर निकाला, लेकिन आग के दो घंटे बाद ही उन्हें ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया गया। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉक्टर डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि आग जिस आईसीयू में लगी, वहां 11 मरीज भर्ती थे। इनमें से छह की मौके पर मौत हो गई। आईसीयू में ग्लास वर्क होता है। इस वजह से धुएं और जहरीली गैसों के बाहर निकलने में बाधा आई। गैस तेजी से भीतर फैली और मरीजों की दम घुटने से मौत हो गई।

मतगणना 14 नवंबर को होगी, यह जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को दी

# बिहार वि.स. चुनाव घोषित : 6 और 11 नवंबर को मतदान, 14 को नतीजे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। प्रथम और द्वितीय चरण का मतदान क्रमशः 6 और 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। यह जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को दी। ज्ञानेश कुमार ने यहां के विज्ञान भवन में सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पहले चरण में 6 नवंबर को 121 सीटों पर और दूसरे चरण में 11 नवंबर को 122 सीटों पर मतदान होगा। बिहार विधानसभा चुनाव पूरी पारदर्शिता और शांति के साथ कराए जाएंगे। राज्य में कुल 7.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 3.92 करोड़ पुरुष, 3.50 करोड़ महिला और 1,725 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसके अलावा 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 14 हजार 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 1.63 लाख सेवा मतदाता हैं। राज्य में 18 से 19 वर्ष की आयु के 14.01 लाख और 20 से 29 वर्ष की आयु के 1.63 करोड़ मतदाता हैं। इस चुनाव में करीब 14 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। नए मतदाताओं को 15 दिनों के भीतर वोटर कार्ड प्रदान किए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि राज्य में कुल 90,712 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 76,801 ग्रामीण क्षेत्रों और 13,911 शहरी क्षेत्रों में हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 818 मतदाता होंगे। इसके अलावा 292 दिव्यांग, 38 युवा और 1,044 महिला संचालित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही, 1,350 आदर्श मतदान केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी ताकि निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार ने मतदाता सूची को शुद्ध करने के मामले में पूरे देश के लिए एक मिसाल पेश की है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन किया गया है। मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों को दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराने का अवसर दिया गया था। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गई। नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक वोटर लिस्ट में नाम जोड़ा जा सकता है।




### आआपा ने बिहार चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी की। आआपा की बिहार प्रदेश इकाई ने आज एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। आआपा के मुताबिक, बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र से डॉ. मीरा सिंह, कुशेश्वर (दरभंगा) से योगी चौपाल, तरैया (सारण) से अमित कुमार सिंह, कस्बा (पूर्णिया) से भानु भारतीय, बेनीपट्टी (मधुबनी) से शुभदा यादव, फुलवारी (पटना) से अरुण कुमार रजक, बांकीपुर (पटना) से डॉ. पंकज कुमार, किशनगंज (किशनगंज) से अशरफ आलम, परिहार (सीतामढ़ी) से अखिलेश नारायण ठाकुर, गोविंदगंज (मोतिहारी) से अशोक कुमार सिंह और बक्सर (बक्सर) से पूर्व कैप्टन धर्मराज सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा में 243 सीटें हैं।

### भाजपा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। चुनाव दो चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण की वोटिंग 11 नवंबर को होगी जबकि नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव की घोषणा का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्वागत किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आज बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। यह देश एवं प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का प्रमुख माध्यम है।

## कटक में दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा पर पथराव, हिंसा, आठ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक शहर में दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पथराव, हिंसा, तोड़फोड़ और सुरक्षा बलों पर हमले की घटनाओं में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस कमिश्नर एस. देवदत्त सिंह ने सोमवार को बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों से आरोपियों की पहचान की गई। वे फिलहाल पूछताछ के लिए हिरासत में हैं। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि एक रैली के दौरान पुलिस पर पथराव के बाद शहर में 36 घंटे का कर्फ्यू लगाया गया था। स्थिति अब सामान्य है और कोई नई घटना की सूचना नहीं है। उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है। अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, वहीं कुछ लोग एफआईआर दर्ज कराने भी आगे आए हैं। वर्तमान में कटक के 13 थानों के अंतर्गत कर्फ्यू लागू है।

# सीएम तमांग ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने जीएसटी 2.0 के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी और लंबित मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी उन्हें सौंपा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री तमांग ने बताया कि मुलाकात के दौरान उन्होंने सिक्किम की जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मजबूत समर्थन ने उन्हें एक उज्ज्वल और आत्मनिर्भर सिक्किम



के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक जीएसटी 2.0 के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री को बधाई दी और उन्होंने कहा कि यह सुधार व्यापार करने में आसानी लाने, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने, सहकारी संघवाद को मजबूत करने और नागरिकों पर कर का बोझ कम करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मई 2025 में सिक्किम राज्य के गठन की स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री का सिक्किम दौरा रद्द हो गया।

## श्रद्धांजलि सभा/रस्म पगड़ी



आपको बड़े दुखः के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य भाई **स्व. श्री विनोद तायल जी** का स्वर्गवास शुक्रवार, दिनांक 26 सितम्बर 2025 को हो गया है।

अतः उनकी रस्म पगड़ी/तेरहवीं बुधवार, दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को होनी निश्चित हुई है।

**बुधवार, दिनांक 8 अक्टूबर, 2025**

ब्रह्मभोज ................................ दोपहर 12 बजे

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी ............ 3 से 4 बजे

स्थान : प्राचीन शिव मन्दिर, केवल पार्क, आजादपुर, दिल्ली-33

**शोकाकुल परिवारः**

भाईः प्रमोद तायल, शिव तायल, सुनील तायल, राकेश तायल

पुत्र : अमित तायल, सुमित तायल, शुभम तायल

भतीजे : वंश तायल, सुजल तायल, अभिमन्यु तायल, कार्तिक तायल

पौत्र : वियान तायल, गर्विश तायल

पुत्री एवं दामाद : जतिन गोयल-पारुल गोयल

एवं समस्त तायल परिवार

तायल एंड सन्स (चावड़ी बाजार)    SBT लाईट्स (भागीरथ पैलेस)
महालक्ष्मी ट्रेडर्स (चावड़ी बाजार)    तायल क्लाथ हाउस (आदर्श नगर)
गर्विश बाथ (चावड़ी बाजार)

फोनः 9313225215, 9999725215, 9582271188

## बिहार चुनाव अकेले दम पर मजबूती से लड़ेगी बसपाः मायावती

**लखनऊ।** बिहार राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान का बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार चुनाव में बसपा अकेले दम पर मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार राज्य विधानसभा आमचुनाव के लिये दो चरणों में दिनांक 6 व 11 नवम्बर को मतदान कराने की भारत निर्वाचन आयोग की आज की गई घोषणा का स्वागत है। देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए बिहार में मतदान की व्यवस्था जनता की चाह के मुताबिक वास्तविक रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष हो।

## हरियाणा लंबे समय से भारत में जापान का सबसे भरोसेमंद औद्योगिक केंद्र रहाः सीएम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने जापान दौरे के दौरान सोमवार को शिमाने प्रीफेक्चर के गवर्नर तात्सुया मारुयामा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों क्षेत्रों के उद्यमों के बीच प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान, नवाचार और संयुक्त उद्यमों के नए अवसर तलाशने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने टोक्यो में आयोजित हरियाणा-शिमाने प्रीफेक्चर रोड शो में भी हिस्सा लिया। यहां उपस्थित उद्योगपतियो और निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के साथ हमारे संबंध हजारों वर्ष पुराने हैं। ये




संबंध ऐतिहासिक और भावानात्मक हैं। जिस प्रकार शिमाने की अपनी चिरस्थायी परंपराएं हैं, उसी प्रकार हरियाणा भी भारतीय सभ्यता के सबसे प्राचीन और पूजनीय स्थलों में से एक है। शिमाने और हरियाणा में सुदृढ़ औद्योगिक पार्क और स्मार्ट बुनियादी ढांचे से लेकर हरित ऊर्जा और लॉजिस्टिक सुविधाएं विद्यमान हैं। हरियाणा लंबे समय से भारत में जापान का सबसे भरोसेमंद औद्योगिक केंद्र रहा है। इसकी नींव दशकों पहले तब पड़ी, जब मारुति सुजूकी ने 1980 के दशक में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हरियाणा में स्थापित किया।

## सीजेआई पर हमले की कोशिश बेहद निंदनीयः सोनिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई पर हमले की कोशिश को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 'संविधान पर हमला' कहा, जबकि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने इसको 'संपूर्ण न्याय व्यवस्था' पर हमला बताया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश पर उच्चतम न्यायालय के भीतर हुआ यह हमला बेहद



निंदनीय है। इसकी निंदा करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। यह न केवल मुख्य न्यायाधीश पर, बल्कि हमारे संविधान पर भी एक सीधा हमला है। सोनिया गांधी ने कहा कि न्यायमूर्ति गवई हमेशा विनम्र और मर्यादित रहे हैं, लेकिन आज राष्ट्र को गहरी पीड़ा और आक्रोश के साथ उनके साथ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

**दुर्भाग्यपूर्ण**

**भारत के मुख्य न्यायाधीश पर उच्चतम न्यायालय के भीतर हुआ यह हमला बेहद निंदनीय है**

अपने पोस्ट में कहा कि देश के मुख्य न्यायाधीश पर हमले की कोशिश अत्यंत शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। ह केवल देश के मुख्य



उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 07 अक्टूबर 2025

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# काशी में योगी ने स्वच्छता कर्मियों को स्वयं परोसा भोजन, की पुष्पवर्षा

सम्मान

महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर पांच सौ 'स्वच्छता मित्रों' को मिला सम्मान




**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में सोमवार का दिन स्वच्छता कर्मियों के लिए ऐतिहासिक बन गया। महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब पांच सौ सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। उन पर पुष्पवर्षा कर 'स्वच्छता मित्र' का गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भोजन परोसकर स्वच्छता कर्मियों का आत्मसम्मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन कबीरचौरा स्थित पिपलानी कटरा के पास सरोजा पैलेस में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन शहर दक्षिणी के विधायक व पूर्व मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी के 75 दिवसीय वार्ड प्रवास कार्यक्रम के समापन अवसर पर किया गया था। महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर पांच सौ "स्वच्छता मित्रों" को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों नीलम, रानी देवी, रूपा, मालती, प्रियांशु, दीपक कुमार, शतरूद्र, टिंकू, सूरज भारतीय सहित अन्य को अंगवस्त्र, मिष्ठान, सेफ्टी किट आदि भेंट कर सम्मानित किया।

**स्वास्थ्य और वेतन को लेकर बड़ी घोषणाएं:** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह सीधे स्वच्छता कर्मियों के बैंक में जाएगा। कोई भी किसी तरह सफाई कर्मियों का शोषण अब नहीं कर सकेगा। सबके स्वास्थ्य की चिंता करने वाले सफाई कर्मियों की चिंता उनकी सरकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि सभी स्वच्छता कर्मियों का पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाया जायेगा। इससे स्वच्छता कर्मियों के परिवार का हर वर्ष 5 लाख रुपए के निःशुल्क इलाज की गारंटी होगी। उन्होंने बताया कि भगवान वाल्मीकि की जयंती (7 अक्टूबर) को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, स्वच्छता से ही बीमारियां दूर होती हैं। आज जब दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देखती है, तो उसके पीछे स्वच्छता अभियान की भी बड़ी भूमिका है। उन्होंने 12 करोड़ घरों में शौचालय निर्माण और लगभग 60 करोड़ लोगों को लाभ मिलने का भी उल्लेख किया।

## मुख्यमंत्री ने श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम के गोशाला में गायों को चारा- गुड़ खिलाया



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सोमवार को शिवपुर स्थित अन्नपुर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में गायों के प्रति स्नेह और सेवाभाव दिखाया। मुख्यमंत्री ने अपने व्यस्त दौरे के बीच महाविद्यालय के गोशाला में जाकर गायों को चारा, गुड़ व फल खिलाया। इसके बाद उन्हें दुलारते हुए पीठ सहलाई। गोशाला के समीप पौधरोपण कर मुख्यमंत्री ने यहां गोसेवा कार्यक्रम की भी सराहना की। बोले कि यह भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म के प्रतीक हैं। एक तरफ गोमाता की पूजा होती है और दूसरी तरफ बाबा विश्वनाथ भी बिना नंदी के नहीं चलते हैं। कृषि प्रधान भारत के लिए नंदी भी उपयोगी हैं। ऋषि परंपरा में गाय को लेकर चल रहे हैं तो नंदी का भी संरक्षण कर रहे हैं।

## हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार सुबह अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 'जनता दर्शन में एक-एक करक सभी फरियादियों तक स्वयं पहुंचकर उनकी समस्या पूछी और उनका प्रार्थना पत्र लिया। समस्याओं के निदान के लिए अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में सभी की समस्याओं का उचित निस्तारण कराएं। राजस्व, आर्थिक सहायता से जुड़े प्रकरण लेकर 50 से अधिक फरियादी पहुंवे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है।



झारखंड के पलामू स्थित नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में सोमवार को तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया

## नोएडा में अलग-अलग सड़क हादसों में 4 की मौत

**गौतमबुद्ध नगर।** नोएडा के विभिन्न जगहों पर हुए सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है थाना सेक्टर 39 के प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि बीती रात रविवार को गीता देवी पत्नी सियाराम निवासी सलारपुर कॉलोनी ई-रिक्शा में सवार होकर जा रही थी, तभी सेक्टर 104 स्टर्लिंग माल के पास एक कार के चालक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ई-रिक्शा चालक और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## मुख्यमंत्री ने 22 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास



विकास कार्य

योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास कायारंभ किया

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर जिले के सकरा वाजिद पंचायत भवन परिसर से 1,333.29 करोड़ रुपये की लागत से कुल 22 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 83.32 करोड़ रुपये की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ रुपये की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास / कायारंभ शामिल है। इनमें 32.32 करोड़ रुपये की लागत से राज्य स्कीम के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण, 26 करोड़ रुपये की लागत से एमआईटी मुजफ्फपुर में छात्र एवं छात्राओं के लिए (कुल 2 अदद) 200 बेडेड वाले छात्रावास का निर्माण, 13.28 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, वाजिदपुर, बोचहां, केरमा एवं कुढनी का निर्माण, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से बघनगरी एवं कांटी (गोंविदपुर फुल्कांहा) में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण, 4.70 करोड़ रुपये के लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पश्चिमी मुजफ्फपुर का निर्माण तथा 4.70 करोड़ रुपये की लागत से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय, मुजफ्फपुर का निर्माण कार्य। इसके अलावा 589.05 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्च स्तरीय पीएससी बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अदद पीएससी सुपर स्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य, 199.45 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर, कांटी, पारू, बंदरा में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास / कार्यरंभ शामिल है।

## कांग्रेस ने खुद को 'वोट चोर' कहकर किया बेनकाब: राजीव



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ह्यवोट चोरह्न का नारा लगाकर खुद को ही बेनकाब कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने झूठे वादों के सहारे जनता को ठगकर सत्ता हासिल की। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं-राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने चुनावों के दौरान पूरे प्रदेश में यह कहकर शोर मचाया था कि पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां और पांच लाख रोजगार दिए जाएंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद तीन साल बीत जाने पर भी एक भी व्यक्ति को पक्की नौकरी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल के बेरोजगार युवाओं के वोट पर डाका डाला।

## सीएम साय ने नई दिल्ली में रक्षामंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी आरंभ करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष 'सेना भर्ती रैलियों' का आयोजन किया जाए, जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियां इंद्रावती, महानदी – केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करे, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखा जाए, जैसे आईएनस इंद्रावती, आईएनएस महानदी या आईएनएस बस्तर। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान करेगा।

## खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज निर्माण कार्य में तेजी लाएं: सीएम धामी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को बैठक में हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और राज्य खेल क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खेल विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और युवाओं को खेलों के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार किए गए खेल अवसंरचना का नियमित रख-रखाव और उसके प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य में खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने इन परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में नियमित खेल प्रतियोगिता आयोजन करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को भी आवश्यक सहयोग करें।

## धारा 319 की शक्ति असाधारण, संयम बरतें अदालतें: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि सीआरपीसी की धारा 319 के तहत प्रदत्त शक्ति असाधारण है, जिसका प्रयोग संयम और सावधानी से किया जाना चाहिए। इस धारा के अंतर्गत अतिरिक्त अभियुक्तों को तलब करने की निचली अदालत की शक्ति मुकदमे के दौरान उसके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों तक ही सीमित है। केवल विवेचना के दौरान एकत्रित सामग्री के आधार पर इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने चंदौली निवासी राम नारायण, राम दारोगा व दो अन्य बाबूलाल दारोगा व समीर उर्फ श्रवण यादव को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506 और 427 के तहत मुकदमे का सामना करने के लिए तलब किए जाने संबंधी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कर दिया है।

## मंडी: तीन प्रमुख परियोजनाओं को मिली केंद्र की मंजूरी



**मंडी।** मंडी वन वृत्त की एफसीए समीक्षा बैठक उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें 96 मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा अवधि में तीन प्रमुख परियोजनाओं को भारत सरकार से मिली अंतिम स्वीकृति मिली है। इनमें न्यायिक विभाग के 9 मामले, परिवेश पोर्टल 1.0 के 36 मामले, परिवेश पोर्टल 2.0 के 24 मामले तथा 13 निजी परियोजनाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 24 मामले ऑफलाइन मोड में प्रक्रियाधीन हैं, जिनमें स्टेजझ्क की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है और अब अंतिम स्वीकृति (स्टेजझ्क्क) के लिए कार्यवाही जारी है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि समीक्षा अवधि के दौरान तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भारत सरकार से अंतिम स्वीकृति (स्टेजझ्क्क अप्रूवल) प्राप्त हुई है। इनमें लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर डिवीजन की भराड़ू से बनोगी सड़क निर्माण, कृषि विभाग की उपमंडलीय मृदा संरक्षण अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण बगस्याड़ तथा लोक निर्माण विभाग नेरचौक डिवीजन की टांडा कोहलाटिक्करीझकवाल कोठी सिद्धकोठी सड़क वाया बाबा बालकनाथ मंदिर थापला सड़क शामिल हैं।

## छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई : मुख्यमंत्री



कार्रवाई

दो औषधि निरीक्षकों और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है।

**अभियान चलाकर घर-घर से रिकवर करें प्रतिबिंधत दवा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आंकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाए। इन नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाए। चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कॉम्बिनेशन ड्रग नहीं देने की व्यवस्था है, जो डॉक्टर इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर भी कार्यवाही की जाए।

**चिकित्सकों के संगठन और केमिस्ट एसोसिएशन का लिया जाए सहयोग**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैडियाट्रिक्स सहित चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोल्ड्रिफ सिरप की निमार्ता कंपनी पर कार्यवाही के लिए तमिलनाडु राज्य सरकार को घटनाक्रम से अवगत कराने के निर्देश भी को दिए। बैठक में बताया गया कि छिंदवाड़ा से गंभीर प्रकरणों की जानकारी प्राप्त होते ही राज्य स्तर से चिकित्सकों का दल छिंदवाड़ा भेजा गया। नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और सेंट्रल ड्रग्स स्टेण्डर्ड कंट्रोल आगेर्नाइजेशन का भी जांच में सहयोग लिया गया। आठ मरीजों की जाँच के लिए उनके नमूने पुणे स्थित प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही छिंदवाड़ा से विभिन्न दवाओं के सैम्पल लेकर उनकी जांच कराई गई। छिंदवाड़ा और परासिया के निजी चिकित्सकों, अस्पतालों और केमिस्ट के साथ बैठक कर स्थिति का आंकलन किया गया और उन्हें आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में सलाह दी गई। छिंदवाड़ा जिले में प्रभावित मरीजों को चिन्हित करने के लिए सर्वे आरंभ किया गया। क्षेत्र से प्राप्त हो रहे इस प्रकार के प्रकरणों को आवश्यकता होने पर आगे के इलाज के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय नागपुर के लिए रैफर किया गया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर डीएम ने ली बैठक



**हरिद्वार:** 8 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन के लिए सोमवार को जिला अधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन जिला सभागार में किया गया। जिसमें समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर के सिंह ने बताया कराया कि 08 अक्टूबर को जनपद हरिद्वार के 01 से 19 आयु वर्ग के लगभग 7,17247 बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेन्डाजोल की गोली समस्त स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि 08 अक्टूबर को दवा खाने से वंचित बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को 15 अक्टूबर को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेन्डाजोल की गोली खिलाई जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए, इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चों को निर्धारित तिथि को ही दवाई खिलाई जाए।

# मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती पर छुट्टी की घोषणा की

## दीपावली पर ग्रीन पटाखों को चलाने की अनुमति मांगने सुप्रीम कोर्ट जाएगी दिल्ली सरकार

**नमन किया**

- सीएम महोत्सव में सम्मिलित होकर सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय पर आधारित उनके प्रेरक विचारों को नमन किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को वाल्मीकि जयंती (7 अक्टूबर) पर छुट्टी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार वाल्मीकि जयंती पर 100 से अधिक संस्थाओं की मदद से राजधानी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती महोत्सव में सम्मिलित होकर उनके सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय पर आधारित उनके प्रेरक विचारों को नमन किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा उपस्थित रहे। दिल्ली सरकार पहले ही वाल्मीकि जयंती पर छुट्टी की घोषणा कर चुकी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, समरसता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी अमर कृति रामायण जीवन का आलोक है जो हर युग में मयार्दा, भक्ति, त्याग और धर्म के पथ को प्रकाशित करती है। शबरी की भक्ति, गिलहरी का योगदान और केवट की निष्ठा जैसे प्रसंग हमें यह सीख देते हैं कि समाज का प्रत्येक वर्ग सम्मान और सहभागिता का अधिकारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इसी समरसता और सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ रही है, जहां हर धर्म, हर संस्कृति और हर आस्था को समान गरिमा प्रदान की जा रही है। कांवड़ यात्रा से लेकर रामलीला, दुर्गा पूजा और अब वाल्मीकि जयंती तक हर आयोजन को हम भव्यता, श्रद्धा और समर्पण के साथ मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट से त्यौहार के दौरान ग्रीन पटाखों को जलाने की अनुमति देने का आग्रह करेगी।

## मुख्यमंत्री वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में हुए एनडीएमसी के कार्यक्रम में शामिल हुईं



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य पर कन्वेंशन सेंटर में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत चहल उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, महर्षि वाल्मीकि ने अपनी रचना रामायण के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक शक्ति उसमें निहित करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में है।

उन्होंने उस युग में भी बताया कि किसी की उत्पत्ति नहीं, बल्कि उसका कर्म ही उसकी पहचान है। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यही भाव अंत्योदय के रूप में साकार हो रहा है जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की हर किरण पहुंचाना ही हमारा धर्म है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीएमसी द्वारा हजारों मेहनती कर्मचारी भाई-बहनों का नियमितीकरण इसी समता, सम्मान और श्रम के मूल्यों को सशक्त बनाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि जब हर व्यक्ति को अवसर और सम्मान मिलेगा, तभी समाज और राष्ट्र सच्चे अर्थों में विकसित होगा।

## मंत्री इंद्राज ने रोहिणी में आधार सेवा केंद्र का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को रोहिणी सेक्टर-20 स्थित सरस्वती कन्या विद्यालय में आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। यह जानकारी उन्हें एक्स पर साझा की।

मंत्री इंद्राज ने एक्स पोस्ट करते हुए बताया कि यह आधार सेवा केंद्र दिल्ली सरकार और शिक्षा निदेशालय के सहयोग से नागरिकों को आधार संबंधी सुविधाएं सुगमता और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श हमें समाजहित में सेवा और समर्पण का संदेश देते हैं – उसी भावना से यह पहल जनसेवा को समर्पित है।

**समर्पण**

- महर्षि वाल्मीकि के आदर्श हमें समाजहित में सेवा और समर्पण का संदेश देते हैं

## दिल्ली के पूर्व ओबीसी चेयरमैन से 10 लाख की ठगी, केस दर्ज

**नई दिल्ली।** भजनपुरा इलाके में दिल्ली के पूर्व ओबीसी चेयरमैन के साथ दस लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़ित ने गुजरात की एक दूध कंपनी के मैनेजर को दूध खरीदने के लिए पेमेंट की थी। वह रकम को लेकर चंपत हो गया। भूपेंद्र सिंह मावी की शिकायत पर भजनपुरा थाना ने पांच अक्टूबर को ठगी का केस दर्ज किया है।

पुलिस उस बैंक खाते की जांच-पड़ताल कर रही है, जिसमें रकम



ट्रांसफर की गई है। आरोप केस दर्ज करवाने के लिए पीड़ित को तीन माह तक पुलिस के चक्कर काटने पड़े। भूपेंद्र सिंह मावी अपने परिवार के साथ यमुना विहार में रहते हैं। उनका सुंदर मिल्क प्रोडक्ट के नाम से कारोबार है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उन्हें दूध की जरूरत थी। उन्होंने गुजरात की एक दूध कंपनी से संपर्क किया। उन्हें कंपनी के मैनेजर राकेश कुमार का नंबर मिला। आरोप है आरोपित ने पीड़ित का भरोसा जीतने के लिए कंपनी का जीएसटी नंबर व एक चेक की फोटो भेजी और एडवांस के रूप में दस लाख रुपये मांगे।

## अवैध हथियारों के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी जिले के भालस्वा डेयरी पुलिस ने गश्त के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। चार अक्टूबर को दोपहर करीब 3:15 बजे, हेड कांस्टेबल सुमित, दीपक और तीनू की गश्ती टीम ने मुकुंदपुर के झील रोड, छट घाट, शुक्ला कॉलोनी के पास एक संदिग्ध पैदल यात्री को रोका था।

## फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए धोखाधड़ी करने वाले पुलिस गिरफ्त में

**नई दिल्ली।** फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए निर्दोष नागरिकों को लुभाने वाले साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। बाहरी-उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गुजरात से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित ऑनलाइन निवेश घोटाले में शामिल थे, जिसमें ठगों द्वारा शेयर बाजार में उच्च लाभ का लालच देकर पीड़ितों को ठगा गया था। इस कार्रवाई से 11.20 लाख रुपये की ठगी का पदार्फाश हुआ



और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 13 मई को एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि फेसबुक ग्रुप के जरिए फर्जी लाभ के स्क्रीनशॉट दिखाकर उन्हें ब्लिंकमैक्स नामक फर्जी ट्रेडिंग ऐप में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें प्रतिदिन 5-10 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की।



# धान की खरीद पर मंडियों में अफरा-तफरी का माहौल : राव नरेंद्र सिंह

**आरोप**

मंडियों में धान की खरीद को लेकर सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है।



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का चंडीगढ़ जाते समय जगह-जगह स्वागत हुआ। राव नरेंद्र सिंह का काफिला जैसे ही करनाल पहुंचा, वहां जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया।
घरौंडा में वरिष्ठ युवा कांग्रेस नेता भूपी लाठर, रघबीर संधू, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी और सैकड़ों कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे। वहीं, नीलोखेड़ी में ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैध ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राव का स्वागत किया।
इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर किसानों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मंडियों में धान की खरीद को लेकर सरकार पूरी तरह फेल साबित हो रही है। करनाल में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धान की खरीद को लेकर मंडियों में अफरा-तफरी का माहौल है। किसानों की अनदेखी की जा रही है और खरीद की प्रक्रिया में कई खामियां हैं।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से सीएलपी लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी मंडियों का दौरा कर रहे हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। मैं भी किसानों के बीच जाकर वास्तविक हालात देखूंगा और प्रेसवार्ता के जरिए जनता के सामने सच्चाई रखूंगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों को बोनस देने की तुरंत घोषणा की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।
राव नरेंद्र सिंह ने कांग्रेस संगठन से जुड़े सवालों पर कहा कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है और सभी नेता हाईकमान के निर्देशों के अनुसार मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजबूत स्थिति में है, लोकसभा चुनाव में जहां पहले एक भी सीट नहीं थी, वहां अब पांच सीटें आईं। बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने वोटों की चोरी करके संविधान को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र और हरियाणा में खुले तौर पर वोट चोरी हुई है, जिससे लोकतंत्र खतरे में है। राव ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस के सभी कार्यक्रम हाईकमान की दिशा में काम करेंगे और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएंगे।
बृजेंद्र सिंह की यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर राव ने कहा कि सभी नेता पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बृजेंद्र सिंह के पिता से भी उनकी बातचीत हुई है और उनके कार्यक्रम पहले से तय थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी नेता ने पार्टी के विरुद्ध काम नहीं किया है, बल्कि सभी संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि आगे से सभी नेताओं को सलाह दी गई है कि यदि कोई भी कार्यक्रम करें तो प्रदेश हाईकमान और दिल्ली से अनुमति जरूर लें। गुटबाजी के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस में कोई मतभेद नहीं है और पार्टी पहले से अधिक मजबूत स्थिति में खड़ी है। वहीं, अभय सिंह चौटाला के बयानों पर उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सवाल उठाना होता है। उन्होंने कहा कि जो मामला बार.बार उछाला जा रहा है, वह न्यायालय में विचाराधीन है और हमें अदालत पर पूरा भरोसा है। बार.बार दिखाई जाने वाली वीडियो पर उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि मैं किसी पर आरोप लगाने का आदी नहीं हूं, लेकिन जो हमारे खिलाफ आरोप लगा रहे हैं, उनका चरित्र भी जनता के सामने है। राव नरेंद्र सिंह आज चंडीगढ़ में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

# 1.20 करोड़ की लागत से वार्ड 24 में बनेंगी चार सड़कें, आरसीसी नाले का भी होगा निर्माण

**शिलान्यास**

*विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास



पानीपत , ( कमाल हुसैन )
पानीपत शहर के नगर निगम वार्ड 24 में लम्बे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क के पुनर्निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है" वार्ड में 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से नगर निगम द्वारा पांच सड़कों का निर्माण किया जाएगा` सोमवार को विधायक प्रमोद विज और नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया` इस अवसर पर वार्ड की पार्षद सौंची तनेजा ने वार्ड में विकास कार्यों के लिए विधायक और मेयर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में वार्ड के विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं" इसके लिए वे क्षेत्र की जनता की ओर से विधायक और मेयर का आभार व्यक्त करती हैं"
*ये होंगे विकास कार्य ह्र*
1. शहीद मदन लाल धींगड़ा पार्क से लेकर पिरामिड होटल (असंध रोड) तक 38 लाख रुपये की लागत से सड़क पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने का कार्य किया जाएगा`
2. भाटिया अस्पताल से केटी फैक्ट्री तक 36.35 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा
3. रहेजा किरयाणा स्टोर से नरेंद्र के घर तक 17.08 लाख रूपए की लागत से सड़क का निर्माण होगा`
4. मिड्ढा के घर से विजय धींगडा के घर तक 15.78 रुपये की लागत से गली का निर्माण किया जाएगा`
5. दमदमा साहिब गुरुद्वारा से लेकर ठंडी सड़क तक पानी निकासी के लिए आरसीसी नाले के निर्माण पर 12.32 लाख रुपये की लागत आएगी`
वार्ड 24 में चार सड़कों और नाले के निर्माण से हरी बाग कॉलोनी, पुरेवाल कॉलोनी, गुरुनानकपुरा, कच्चा कैंप, बत्रा कॉलोनी, बसंत नगर, भाटिया कॉलोनी, जनक गार्डन सहित आसपास की लगभग 10 कालोनी के निवासियों को सुविधा होगी
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज और महापौर कोमल सैनी ने कहा कि शहर के विकास हेतु सतत प्रयासरत हैं और भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं"

# महारानी दुर्गावती की जयंती पर हुआ छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मानव मित्र मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा के आशीर्वाद से मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा महारानी दुर्गावती की जयंती पर छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ राजीव अत्री मुख्यातिथि के रूप में पधारे। स्वामी हरिओम दास संचालक वात्सल्य वाटिका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रविंद्र शर्मा प्रिंसिपल डीएवी कन्या विद्यालय करनाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
रानी दुर्गावती को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए डॉ राजीव अत्री ने सुंदर कविता के माध्यम से कहा कि समाज का दायित्व बनता है कि अपने महापुरुषों की याद में सेवा कार्य करें ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ.साथ अच्छे संस्कार व देशभक्ति की भावना भी पैदा हो। कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी हरिओम दास ने कहा समाज के लिए समर्पित लोगों को सम्मानित करना समाज को एक नई दिशा देना है। छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान के आयोजन समय.समय पर होते रहने चाहिए।
अति विशिष्ट अतिथि रविंद्र शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में मैं मंडल के साथ जुड़कर कार्य करूंगा। कार्यक्रम के संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा महारानी दुर्गावती ने गढ़ राज्य की रक्षा के लिए मुगल शासक अकबर की सेना का वीरगति प्राप्त होने तक डटकर सामना किया।
छात्रा दिव्या ने नारी सशक्तिकरण पर कविता प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रवीण कुमार ने मंच का बखूबी संचालन किया। नरेश सैनी ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। सम्मान समारोह के अंतर्गत राजकुमार, जितेंद्र पाल शर्मा, प्रोफेसर ज्ञानेश्वर खुराना, मैनपाल शर्मा, प्रेम अनेजा, शंभु नाथ, ललित, कृष्ण पांचाल आदि को प्रेरक पुंज सम्मान व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र नसीब, राजकुमार, पारस व दिव्या को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

# महिंद्रा ने लॉन्च की नई थार

**नोएडा।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज नई थार 9.99 लाख रुपये की शुरूआती कीमत पर लॉन्च की। नए डिजाइन तत्वों, उन्नत आराम सुविधाओं और स्मार्ट टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन के साथ, इस प्रतिष्ठित एसयूवी को शहरी आवागमन के लिए फिर से परिभाषित करने और ऊबड़-खाबड़ वीकेंड के रोमांच को बढ़ाने के लिए इंजीनियर किया गया है। अद्वितीय क्षमता और एक कालातीत डिजाइन के साथ, 'थार' ब्रांड ने 3 लाख से अधिक भावुक मालिकों का एक समर्पित समुदाय अर्जित किया है। यह सिर्फ एक एसयूवी से कहीं अधिक है, यह एक जीवनशैली का प्रतिनिधित्व करता है, जो पीढ़ियों को रोमांच और खोजबीन को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी - ऑटोमोटिव डिवीजन, नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने कहा, इन वर्षों में, थार सिर्फ एक एसयूवी से कहीं अधिक बन गया है।

# जब आत्मा अपने भीतर के अंधकार को त्याग देती है, तभी वह ईश्वर के सत्य स्वरूप को पहचान पाती है : साध्वी भारती

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** ग्राम जुंडला स्थित बाला सुंदरी मंदिर में चल रही तीन दिवसीय भगवान शिव कथा के अंतिम दिवस का आयोजन अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ।
दिव्य दृष्टि आशुतोष महाराज जी की शिष्य कथा व्यास साध्वी सुश्री सरोज भारती जी ने भगवान शिव-माता पार्वती विवाह प्रसंग का दिव्य वर्णन करते हुए कथा को अपने चरम भाव में पहुँचाया।
साध्वी जी ने कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का मिलन केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का शाश्वत प्रतीक है। सती से पार्वती बनने की यात्रा उस आत्मा की यात्रा है जो अज्ञान और संशय से मुक्त होकर ब्रह्मज्ञान के प्रकाश तक पहुँचती है। जब आत्मा अपने भीतर के अंधकार को त्याग देती है, तभी वह ईश्वर के सत्य स्वरूप को पहचान पाती है।
उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माता पार्वती ने अनेक जन्मों तक अटूट श्रद्धा और तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्राप्त किया, वैसे ही प्रत्येक साधक को भी अपने जीवन में गुरु के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। सच्चा गुरु ही वह ज्योति है जो अंधकारमय जीवन में ब्रह्मज्ञान का दीप प्रज्वलित करता है। उसी ज्ञान के माध्यम से आत्मा को परमात्मा का साक्षात्कार होता है।
साध्वी जी ने कहा कि शिव-पार्वती विवाह केवल दो शक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि ज्ञान और भक्ति, साधना और समर्पण के संगम का प्रतीक है।

# न्यूज फ्लैश

## एनजीओ स्माइल ट्रेन और डीएमआरसी ने मिलकर मनाया वर्ल्ड स्माइल डे

नई दिल्ली। वर्ल्ड स्माइल डे के अवसर पर, स्माइल ट्रेन इंडिया और डीएमआरसी ने दिल्ली-एनसीआर के मेट्रो यात्रियों को मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन (गेट नंबर 3) पर लगाई गई ह्रस्माइल वॉलह्न में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहल स्माइल ट्रेन द्वारा शुरू किए गए वैश्विक अभियान का हिस्सा है, जो दुनिया की सबसे बड़ी क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालु) से संबंधित संस्था है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जोड़ना, सकारात्मकता फैलाना और मुस्कान की ताकत के जरिए उन बच्चों के लिए सहयोग जुटाना जो क्लेफ्ट (कटे होंठ या तालु) के साथ जन्म लेते हैं। 3 से 5 अक्टूबर तक स्माइल वॉल गुरुग्राम स्थित मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर लगाई जाएगी। इस दौरान यात्री और स्थानीय लोग इस दीवार पर अपने संदेश या चित्र चिपका सकेंगे, जो यह बताएंगे कि कोनसी चीज उनके मुस्कुराने की वजह है। यह पहल खाली दीवारों को सकारात्मकता और खुशी के सुंदर संदेशों से सजाकर एक प्रेरणादायक जगह में बदल देगी। श्रीमती ममता कैरोल, स्माइल ट्रेन की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल डायरेक्टर ने कहा,
ह्रस्माइल वॉलह्न अभियान मुस्कान के महत्व पर आधारित एक आंदोलन है। ह्रजब हम अपनी खुशियों को साझा करते हैं, तो हम उन पलों का जश्न मनाते हैं जो हमें हमारी भिन्नताओं के बावजूद जोड़ते हैं और उन बच्चों के लिए मुस्कान की ताकत और संभावनाओं का सम्मान करते हैं जो क्लेफ्ट से प्रभावित हैं। श्री अनुज दयाल, प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, डीएमआरसी ने कहा, हम स्माइल ट्रेन के साथ मिलकर वर्ल्ड स्माइल डे के अवसर पर ह्रस्माइल वॉल लगाने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। यह पहल लोगों को खुशी बांटने और साथ ही क्लेफ्ट जैसी महत्वपूर्ण समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सुंदर तरीका है। डीएमआरसी हमेशा ऐसे सामाजिक अभियानों का समर्थन करती है जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

## रेवाड़ी के बाल भवन में जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह आयोजित। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव रहे मुख्यातिथि

टीम एक्शन इंडिया

**महर्षि** वाल्मीकि जैसे संत-महापुरुषों के जीवन से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मर्यादा के धर्म का ज्ञान होता है। ऐसे में इस प्रकार के आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को नई दिशा देने में अहम हैं। यह बात रेवाड़ी से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने सोमवार को स्थानीय बाल भवन ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित किए गए महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कही। समारोह की अध्यक्षता डीसी अभिषेक मीणा ने की। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष डा.वंदना पोपली, हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी.कृष्ण कुमार, नगर परिषद चेयरमैन पूनम यादव व भाजपा नेता हुकम सिंह यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथिगण ने दीप प्रज्वलन के साथ ही महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समारोह में पहुंचने अतिथिगण का विभाग की ओर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।
समारोह में अपने संबोधन में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है।

# युवक की चाकू गोदकर हत्या, मोबाइल छीनने का था विवाद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में 35 वर्षीय युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। पुराने बस स्टैंड के पीछे रविवार देर रात वारदात को अंजाम दिया गया। मृतक और आरोपी के बीच दो हफ्ते पहले फोन छीनने को लेकर विवाद हुआ था। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जांच में पता चला कि झगड़े के दौरान आरोपी अपने साथियों के साथ आया और चाकू से वार कर फरार हो गया। सुबह आरोपी जब चाकू उठाने आया तो लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।
मृतक की पहचान 35 वर्षीय शेर सिंह के रूप में हुई है, जो पुराने बस स्टैंड के पीछे रहता था। वह चार बच्चों का पिता था। परिजनों ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले एक आरोपी ने शेर सिंह का मोबाइल छीन लिया था।
रविवार रात को वही युवक फिर उसके सामने आ गया। दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी अपने दोस्तों को बुलाकर लाया और चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में शेर सिंह बुरी तरह घायल हो गया और खून से लथपथ वहीं गिर पड़ा।
घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में शेर सिंह को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।
हमले के बाद आरोपी फरार हो गया था। लेकिन सुबह जब वह घटनास्थल पर छोड़ा हुआ चाकू उठाने आया तो आसपास के लोगों ने उसे देख लिया और पकडकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# किसानों के बीच जमीन पर बैठे अजय चौटाला

**प्रदर्शन**

मिलर की फाइल क्लियर करने रिश्वत की मांग
औने-पौने दामों पर बिक रही फसल



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।**
जिले में किसानों ने नई अनाज मंडी के बाहर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान जेजेपी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह चौटाला किसानों के बीच जमीन पर ही बैठ गए। किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, भाकियू के प्रदर्शन इसी तरह से चलते रहेंगे।
अजय सिंह चौटाला ने कहा कि किसानों की फसलों पर बाढ़ और बरसात की मार पड़ी, लेकिन उन्हीं फसलों को आज औने पौने दामों पर खरीदा जा रहा है। सरकार एमएसपी की बात कह रही है, लेकिन फसल को 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल कम दाम पर खरीदा जा रहा है।
उन्होंने कहा कि मिलर की फाइल क्लियर करने के लिए दो-दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। सरकार बिना पर्ची और खर्ची की बात कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। हरियाणा में जंगल राज हो चुका है और कानून नाम की कोई चीज नहीं है। जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को विदेशों में बैठे गैंगस्टर धमकियां देते हैं। मुख्यमंत्री कहते है कि हमने उन लोगों को सिक्योरिटी दे दी, जिनको धमकी मिली थी। अब सवाल यह है कि उन लोगों को तो सिक्योरिटी दे दी, लेकिन आम जनता कहां पर सुरक्षित है।
अजय चौटाला ने कहा कि भविष्य के गर्भ में क्या छिपा है, यह न तो मुझे पता है और न ही किसी और को। रणजीत चौटाला परिवार का एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं, इस पर अजय चौटाला ने कहा कि चौधरी रणजीत सिंह परिवार के मुखिया हैं, वे पहल करें, मैं उनके साथ हूं, मुझे बाकियों का नहीं पता, लेकिन मैं उनके साथ हूं। क्योंकि ओपी चौटाला मुखिया थे, उनके जाने के बाद अब चौधरी रणजीत सिंह मुखिया है।
वो पहल करें मैं उनके साथ खड़ा हूं।
अजय चौटाला ने व्यंग्य कसते हुए कहा कि देर आए दुरुस्त आए। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष चुन तो लिया, 11 साल में कांग्रेस ने संगठन बनाया है, अब प्रदेश में कांग्रेस के 37 विधायक होते हुए 11 महीने बाद प्रदेश अध्यक्ष और सीएलपी लीडर चुना गया है। कांग्रेस के ही लोग कुलदीप शर्मा, प्रोफेसर संपत सिंह जैसे नेता जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे है, मुझे तो कांग्रेस की जूतियों में खीर बंटती हुई नजर आ रही है।
अजय चौटाला ने कहा कि अब तो अमित शाह ही बेहतर बता सकते है कि बीजेपी के राज में कहां विकास हुआ है? अगर विकास हुआ है, तो वह अडाणी और अंबानी का हुआ है।
कहने को तो बीजेपी की सरकार है, लेकिन वास्तव में सरकार तो अडाणी और अंबानी चला रहे है। आज पूरे देश के पोर्ट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन तक अडाणी और अंबानी को दे दिए। करोड़ों और अरबों की संपति पर मॉल बनाए जा रहे है, प्रॉपर्टी बना रहे है।

# मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ के विकास हेतु आर्थिक बुनियादी ढांचे पर दिया जोर

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़, 6 अक्तूबर 2025 ह्र
भारतीय उद्योग परिसंघ (उक्त) ह्र इंडियन वूमेन नेटवर्क (क्ठ) और यंग इंडियन्स (Yi), चंडीगढ़ चैप्टर द्वारा आज चंडीगढ़ के सांसद श्री मनीष तिवारी के साथ एक सारगर्भित संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की प्रमुख विकास प्राथमिकताओं और समावेशी शासन की भूमिका पर चर्चा हुई।
इस विस्तृत संवाद में श्री तिवारी ने परिवर्तनकारी अवसंरचना, प्रशासनिक सुधार और समावेशी नीतिनिर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि चंडीगढ़ त्रिशहर (Tri-city) क्षेत्र की पूरी क्षमता को खोला जा सके। उन्होंने कहा, ह्रयह केवल कनेक्टिविटी का विषय नहीं है, बल्कि चंडीगढ़ क्षेत्र




की आर्थिक, उद्यमशील और बौद्धिक क्षमता को उजागर करने का अवसर है। मेट्रो नेटवर्क पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के बीच क्षेत्रीय एकीकरण की रीढ़ साबित हो सकता है, जो लोगों को अवसरों से जोड़ते हुए समावेशी विकास के लिए एक सहज पारिस्थितिकी तंत्र बनाएगा। वाणिज्य और व्यापार किसी भी विकसित होते शहर की आत्मा हैं, और यह अवसंरचना भविष्य के लिए तैयार शहरी अर्थव्यवस्था की नींव रखेगी। साथ ही, हमें स्थानीय शासन को सशक्त बनाना होगा, जिसमें सीधे चुने गए मेयर का पूर्ण पाँच वर्षीय कार्यकाल हो-ताकि स्थिरता, जवाबदेही और दीर्घकालिक समाधान लागू करने की क्षमता सुनिश्चित हो सके।ह्र
इस अवसर पर CII चंडीगढ़ द्वारा आगे बढ़ाए जा रहे ग्रेटर चंडीगढ़ रीजन (GCR) पहल पर भी चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) की तर्ज पर एकीकृत महानगरीय ढांचा तैयार करना है। ऋ्रफकी परिकल्पना में एकीकृत योजना, समन्वित नीतियाँ और सतत विकास शामिल हैं।
विवेक वर्मा, उपाध्यक्ष, उक्क चंडीगढ़ ने कहा,
भारत के सबसे सुविचारित रूप से नियोजित शहरों में से एक होने के बावजूद, चंडीगढ़ अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। त्रिशहर क्षेत्र की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में अब आंशिक हस्तक्षेपों से आगे बढ़कर हमें एकीकृत महानगरीय शासन की ओर बढ़ना होगा। GCR विजन, ठ्रफमॉडल की तरह, समन्वित योजना, सतत विकास और क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण के लिए एक साहसिक और आवश्यक ढांचा प्रस्तुत करता है।
सत्र के दौरान CII इंडियन वूमेन नेटवर्क (IWN) की प्रमुख पहलों पर भी प्रकाश डाला गया, जिनमें मासिक अवकाश, सार्वजनिक स्वच्छता और सुरक्षा ढांचे, तथा महिला स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी अभियानों का उल्लेख रहा।सुश्री रितिका सिंह, चेयरपर्सन, IWN चंडीगढ़ एवं सीईओ, कंटेंट फैक्ट्री ने कहा,ह्रमहिलाओं को सशक्त बनाना केवल नैतिक दायित्व नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक और सामाजिक आवश्यकता भी है। IWN चंडीगढ़ नीतियों, उद्योग और जमीनी स्तर के प्रयासों के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# योग एवं ध्यान जागरूकता कार्यक्रम पर व्याख्यान का किया गया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन ? )
जीटी रोड पर स्थित आई बी पीजी महाविद्यालय पानीपत में आज योग एवं ध्यान जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान संस्कृत विभाग के द्वारा कराया गया।
इस व्याख्यान में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां आज के व्यस्त जीवन के लिए बहुत ही लाभकारी हैं। आज के समय में हर व्यक्ति



मानसिक रूप से कहीं ना कहीं तनाव ग्रस्त है और यह गतिविधियां व्यक्ति को उनके मानसिक तनाव से राहत दिलाने में सहायक होती हैं। विद्यार्थी जीवन की बात की जाए, तो विद्यार्थी भी इस मानसिक कष्ट से अछूते नहीं रहे हैं। ऐसे में यह गतिविधियां उन्हें उनकी पढ़ाई में अधिक फोकस करने और अच्छे परिणाम लाने में सहायक होती हैं।
विभागाध्यक्षा डॉ अंजलि ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों की मानसिक शांति के लिए आवश्यक हैं। इसी के साथ उन्होंने संस्कृत विभाग को सफल आयोजन की बधाई दी। इस व्याख्यान कि वक्ता संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका सोनिया वर्मा रहीं। व्याख्यान में विद्यार्थियों ने ध्यान एवं योग के लाभों के बारे में जाना।

## संपादकीय

# जीवन रक्षक दवा बनीं मौत का कारण

**मध्यप्रदेश** और राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला अब पूरे देश में चिंता का विषय है। दोनों राज्यों में कोलड्रिफ नाम के कफ सिरप से 18 बच्चों की मौत का आरोप है। इनमें से 16 मौतें मध्यप्रदेश और दो राजस्थान में हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कोलड्रिफ को जिम्मेदार बताते हुए इसे बनाने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में कोलड्रिफ नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के पीड़ित परिजनों के अनुसार बच्चों को खांसी की शिकायत थी। कफ सिरप पिलाया गया और अन्य दवाएं भी दी गई। सिरप पीने के बाद ही बच्चों को पेशाब रुकने जैसी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चों की किडनी फेल हो चुकी थी। बच्चो को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में 11 मासूमों की जान चली गई। एक बच्ची की मौत के बाद नागपुर जिला प्रशासन से खबर मिली की किडनी फेल होने से जान जा रही है। जांच टीम ने तीन बच्चों की बायोप्सी की, जिसकी रिपोर्ट में किडनी नेफ्रॉन में डैमेज दिखा। आखिर कफ सिरप में जहरीले केमिकल कैसे पहुंचते हैं यह यक्ष प्रश्न है। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निमार्ता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोलड्रिफ सिरप के सैपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल यानी डीईजी पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# त्याग, बलिदान और दूरदृष्टि के युगपुरुष–गुरु गोबिंद सिंह



प्रो. आरके जैन

> गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन केवल सिख इतिहास का गौरवशाली अध्याय नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए एक प्रेरणादायी महाकाव्य है। उनकी शिक्षाएँ—जो साहस, समानता, आत्मसम्मान और मानवता की सेवा पर आधारित हैं—आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रबल हैं। उनकी पुण्यतिथि, 7 अक्टूबर, हमें न केवल उनके बलिदानों की स्मृति दिलाती है, बल्कि यह आह्वान भी करती है कि धर्म का सच्चा अर्थ है सत्य और न्याय के लिए डटकर खड़ा होना, भले ही इसके लिए सर्वस्व का त्याग करना पड़े। उनकी विरासत एक चिरस्थायी दीपस्तंभ है, जो अंधकारमय समय में भी मार्गदर्शन करता है और हमें अन्याय के खिलाफ निर्भीकता से आवाज उठाने की प्रेरणा देता है।

**जब शौर्य,** अध्यात्म और त्याग का अद्भुत संगम एक व्यक्तित्व में साकार होता है, तो वह न केवल नायक, अपितु युगपुरुष के रूप में इतिहास के पन्नों पर अमर हो जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी ऐसे ही युगपुरुष थे, जिनका जीवन धर्म की रक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि मानवता, न्याय और आत्मसम्मान का प्रबल संदेश देता है। 7 अक्टूबर 1708 को नांदेड़ में उनकी शहीदी तिथि, केवल एक घटना नहीं, बल्कि उनके अमर आदर्शों और चिंतन की सशक्त गूँज है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी है, जितनी तीन शताब्दियों पूर्व थी। उनकी पुण्यतिथि सिख समुदाय ही नहीं, अपितु समस्त विश्व के लिए एक पवित्र अवसर है, जो हमें उनके जीवन की उन गहन और प्रायः अनछुई गहराइयों को समझने का अवसर प्रदान करता है, जो सामान्य चचाओं में अक्सर ओझल रहती हैं। गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म उस युग में हुआ, जब भारत मुगल शासन के अंधकार और धार्मिक उत्पीड़न के बोझ तले दबा था। सामाजिक असमानता और अन्याय ने समाज की नींव को खोखला कर दिया था। उनके पिता, गुरु तेग बहादुर जी, ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। मात्र नौ वर्ष की आयु में गुरु बनने वाले गोबिंद राय, जो बाद में गुरु गोबिंद सिंह के रूप में विख्यात हुए, ने इस पवित्र विरासत को न केवल संभाला, बल्कि इसे एक नई दिशा और ऊँचाई प्रदान की। उनकी असाधारण विशेषता थी युद्ध और शांति, तलवार और कलम, भक्ति और शक्ति का अनुपम समन्वय। उनकी रचनाएँ, जैसे दसम ग्रंथ में संकलित जफरनामा और चंडी दी वार, केवल साहित्यिक कृतियाँ नहीं, बल्कि साहस, नैतिकता और आत्मिक जागृति का शंखनाद हैं। जफरनामा (विजय पत्र) में औरंगजेब को लिखा उनका पत्र एक ऐतिहासिक दस्तावेज है, जो सत्य की निर्भीक अभिव्यक्ति और नैतिक दृढ़ता का प्रतीक है। कम लोग जानते हैं कि इस पत्र में उन्होंने न केवल मुगल सम्राट की क्रूरता का दर्पण दिखाया, बल्कि उसे धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का पाठ भी पढ़ाया। 1699 की बैसाखी पर खालसा पंथ की स्थापना गुरु गोबिंद सिंह जी का वह क्रांतिकारी कदम था, जिसने न केवल सिख इतिहास, बल्कि विश्व इतिहास को एक नई दिशा दी। यह केवल सैन्य संगठन नहीं था, अपितु एक सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक क्रांति थी, जिसने मानवता को शुद्धता, समानता और साहस का मार्ग दिखाया। खालसा अर्थात शुद्ध, वह जो न केवल आत्मा, बल्कि विचार, कर्म और जीवन से पवित्र हो। पंज प्यारों का चयन–एक ब्राह्मण, एक क्षत्रिय और तीन शूद्र वर्ग से–जाति और वर्ग की दीवारों को ध्वस्त करने का सशक्त संदेश था।

कम लोग जानते हैं कि गुरु ने खालसा पंथ में महिलाओं को भी समान दर्जा प्रदान किया। सिख महिलाओं को कौर अर्थात राजकुमारी की उपाधि देकर उन्होंने नारी को सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त किया। उस युग में, जब नारी को हाशिए पर रखा जाता था, यह कदम क्रांतिकारी था और समानता का अमर संदेश देता है।

गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन केवल युद्ध और वीरता तक सीमित नहीं था; उनकी पर्यावरणीय और सामुदायिक चेतना भी उतनी ही प्रेरणादायी थी। आनंदपुर साहिब में उन्होंने न केवल सैन्य प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए, बल्कि एक ऐसे समुदाय का निर्माण किया, जहाँ शिक्षा, कला, धर्म और संस्कृति का अनुपम समन्वय था। उनकी रचनाएँ, जैसे दसम ग्रंथ की काव्य रचनाएँ, प्रकृति के सौंदर्य और मानवीय मूल्यों के बीच गहन संतुलन को दशार्ती हैं। ये रचनाएँ आज के पर्यावरणीय संकट के दौर में भी प्रासंगिक हैं, जो हमें प्रकृति और मानवता के सह-अस्तित्व की सीख देती हैं। उनकी शिक्षाएँ समाज को आत्मनिर्भर, संगठित और नैतिक बनाने का आह्वान करती थीं, जो युद्ध के मैदान से लेकर शांतिपूर्ण जीवन तक समान रूप से लागू होती थीं। उनके जीवन का सबसे मार्मिक और प्रेरणादायी पहलू था उनका असीम त्याग। चार साहिबजादों–अजित सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह–का बलिदान विश्व इतिहास में अनुपम है। चमकौर के युद्ध में बड़े साहिबजादों ने अप्रतिम वीरता का प्रदर्शन किया, तो छोटे साहिबजादों ने सरहिंद में दीवारों में चिनवाए जाने के बावजूद धर्म और सत्य पर अटल रहकर मानवता को एक अमर प्रेरणा दी।

गुरु की पत्नियाँ, माता सुंदरी और माता साहिब कौर, ने इस अथाह दुख को सहन किया, पर गुरु का हृदय कभी नहीं डगमगाया। उनकी उक्ति–चार मुए तो क्या हुआ, जीवत कई हजार–केवल शब्द नहीं, बल्कि एक युगपुरुष की अटूट आस्था, सामूहिक चेतना और मानवता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कम लोग इस तथ्य पर ध्यान देते हैं कि गुरु ने अपने परिवार के बलिदान को व्यक्तिगत क्षति के रूप में नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में देखा। यह उनकी दूरदृष्टि और महानता का प्रमाण है, जो हमें सिखाता है कि सत्य और न्याय के लिए किया गया त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाता। नांदेड़ में गुरु गोबिंद सिंह जी के अंतिम दिन उनकी दार्शनिक गहनता और आध्यात्मिक ऊँचाइयों के साक्षी हैं। गुरु ग्रंथ साहिब को शाश्वत गुरु घोषित करने का उनका ऐतिहासिक कदम उनकी दूरदर्शिता और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक था। यह निर्णय दशार्ता है कि सत्य और ज्ञान किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि शास्त्र की पवित्र वाणी और सामूहिक चेतना में सदा जीवंत रहते हैं। कम लोग इस तथ्य पर ध्यान देते हैं कि अपने अंतिम क्षणों में भी गुरु ने युद्ध और शांति के बीच अद्भुत संतुलन बनाए रखा। वास्की के विश्वासघाती हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने क्षमा और शांति का मार्ग अपनाया, पर साथ ही अपने अनुयायियों को अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सदा सजग और संघर्षरत रहने का अमर संदेश दिया।

गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन केवल सिख इतिहास का गौरवशाली अध्याय नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए एक प्रेरणादायी महाकाव्य है। उनकी शिक्षाएँ–जो साहस, समानता, आत्मसम्मान और मानवता की सेवा पर आधारित हैं–आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रबल हैं। उनकी पुण्यतिथि, 7 अक्टूबर, हमें न केवल उनके बलिदानों की स्मृति दिलाती है, बल्कि यह आह्वान भी करती है कि धर्म का सच्चा अर्थ है सत्य और न्याय के लिए डटकर खड़ा होना, भले ही इसके लिए सर्वस्व का त्याग करना पड़े। उनकी विरासत एक चिरस्थायी दीपस्तंभ है, जो अंधकारमय समय में भी मार्गदर्शन करता है और हमें अन्याय के खिलाफ निर्भीकता से आवाज उठाने की प्रेरणा देता है।

गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन हमें सिखाता है कि जीवन का वास्तविक मूल्य सांसारिक सुख-संपत्ति में नहीं, बल्कि सिद्धांतों की अडिगता और मानवता की निःस्वार्थ सेवा में निहित है। उनकी यह प्रेरणा हर युग में, हर मनुष्य को, सत्य और न्याय के पथ पर चलने का साहस प्रदान करती है।



# महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि व्यक्ति अपने कर्म और विचार से महान बनता है ना कि जाति से



मोहनलाल बडोली

**भारतीय** संस्कृति और धर्म ग्रंथों में ऋषियों और संतों का विशेष स्थान रहा है। उनमें से एक महान ऋषि, जिनकी रचनात्मक प्रतिभा और आध्यात्मिक चेतना ने भारतीय साहित्य को अमूल्य धरोहर दी, वे हैं महर्षि वाल्मीकि। उन्हें आदिकवि (प्रथम कवि) कहा जाता है और उनकी जयंती पूरे भारतवर्ष में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से मनाई जाती है। वाल्मीकि जयंती न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह भारतीय साहित्यिक और नैतिक मूल्यों के प्रति आदर प्रकट करने का भी दिन है। महर्षि वाल्मीकि का जन्म शरद पूर्णिमा को हुआ था। इस वर्ष शरद पूर्णिमा 7 अक्टूबर को है। इसलिये इस वर्ष महर्षि वाल्मीकि का जन्म दिवस 7 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। वे भारत के उन विरली विभूतियों में से एक हैं जिनकी उपस्थिति पूरे देश में और स्वरूप मान्यता है। हर समाज उन्हें अपना पूर्वज मानता है। ब्राह्मण समाज उन्हें ऋषि पुत्र मानता है तो वन क्षेत्र में मान्यता है कि वे भील वनवासी समाज में जन्में हैं, वाल्मीकि समाज की गणना दलित वर्ग में तो होती ही है। गुजरात और दक्षिण भारत में निषाद समाज उन्हे अपना पूर्वज मानता है। पंजाब में एक सिख उपवर्ग है जो स्वयं को क्षत्रिय मानता है और वाल्मीकि जी का वंशज। उनका यह भी दावा है कि उनके पूर्वज प्रत्यक्ष युद्ध करते थे। लेकिन आक्रांताओं ने बंदी बनाकर बल पूर्वक मैला ढोने के काम में लगाया। जिस प्रकार उनकी स्थानीय और क्षेत्रीय मान्यता के विविध रूप हैं उसी प्रकार उनके व्यक्तित्व के भी विभिन्न आयाम हैं, कहीं उनकी गणना महर्षियों में है तो कहीं भगवान् वाल्मीकि कहा जाता है। कहीं संत के रूप में तो कहीं महापुरुष के रूप। ऋग्वेद के आठवें मंडल में वे ऋषि रूप में प्रतिष्ठित हैं तो देश के विभिन्न स्थानों पर उनके मंदिर बने हैं, मूर्तियाँ स्थापित हैं। यहां उनकी देवों की भाँति पूजन होता है। उनके जन्म और महर्षि बनने की कथाएँ भी अलग-अलग मतों से भरी हैं। उनकी व्यापकता किसी विवाद का विषय नहीं है बल्कि स्तुति का विषय है। समय और विपरित सामाजिक परिस्थितियों के चलते भारत में जो लगभग बारह सौ वर्ष का अंधकार रहा उसमें कुछ प्रतीक उभरे, कथाओं में कुछ विसंगतियां भी जुड़ी। बावजूद इसके महर्षि वाल्मीकि का व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी समाज को प्रेरणा दे रहा है। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत में काव्यविधा के जन्मदाता माने जाते हैं। यह मान्यता है कि संस्कृत की पहली काव्य रचना उन्हीं के स्वर में प्रस्फुटित हुई। भारत के लगभग सभी काव्य रचनाकारों ने अपना साहित्य सृजन करने से पहले उनकी वंदना की है। इनमें पूज्य आदिशंकराचार्य भी हैं और रामानुजार्य भी, राजाभोज भी हैं और संत तुलसीदास भी है। वैदिक काल से आधुनिक काल तक भारत में ऐसा कोई काव्य रचनाकार नहीं जिनने उनका स्मरण न किया हो। उन्होंने ऋषित्व ही नहीं देवत्व भी प्राप्त किया। वे ऋग्वेद के आठवें मंडल में ऋषि हैं। उनके द्वारा रचित वाल्मिकी रामायण भारत ही नहीं अपितु संसार भर का पहला महाकाव्य है। इसमें इस महाकाव्य में पच्चीस हजार श्लोक हैं और हर हजारवें श्लोक का आरंभ गायत्री मंत्र के प्रथम अक्षर होता है। उनकी रामायण रचना की दो विशेषताएं हैं। एक तो इसमें सूर्य और चन्द्र की स्थिति का सटीक उल्लेख है इससे अनुमान है कि उन्हें अंतरिक्ष या सौर मंडल का भी ज्ञान था। दूसरा रामजी के वनवास काल के वर्णन में स्थानों के नाम, उनकी भौगोलिक स्थिति और मौसम का जो विवरण है। यह वर्णन कल्पना से संभव नहीं हैं। स्थानों के नाम और स्थिति यथार्थ परक है इससे लगता है कि उन्होंने रामायण लिखने से पूर्व उन्होंने राम जी के वन गमन पथ की यात्रा की, और अध्ययन किया। उसी आधार पर वर्णन। उनके वर्णन में सामाजिक एकत्व और समरसता को जिस प्रमुखता से विवरण दिया गया है। विशेषकर वनवासी समाज के विभिन्न समूहो और उप समूहों में एकरूपता के सूत्र में पिरोने और विभिन्न भूभाग पर निवास रत व्यक्तियों के बीच वे कोई एकत्व स्थापित करना चाहते थे। वे सही मायने में राष्ट्र जागरण और सामाजिक एकत्व के अभियान में सक्रिय रहे। उन्होंने रामायण के अतिरिक्त भी कुछ अन्य काव्य रचनाएं भी तैयार थीं। उन्होंने अपने पुरुषार्थ, परिश्रम या तप से अपने व्यक्तित्व का निर्माण किया। वे सर्व समाज के मार्गदर्शक और पूज्य हैं। वे भारत में सामाजिक एकत्व और समरसता के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से संपूर्ण समाज और भूभाग को एक सूत्र में पिरोया। वे सबके लिये एक आदर्श थे तभी तो दशरथ नंदन राम ने उन्हें धरती पर लेटकर साष्टांग प्रणाम किया और वन में रहने के लिये उन्ही से सुगम स्थान पूछा। माता सीता उन्ही के आश्रम में रहीं, लव और कुश को उन्ही ने शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान दिया। उनकी स्मृतियाँ भारत के हर क्षेत्र में हैं। नेपाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, विहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ ही नहीं सुदूर केरल में भी वाल्मीकि जी के मंदिर हैं। नेपाल के चितवन जिले में वाल्मीकि मंदिर है तो उत्तर प्रदेश में तमसा, सोना और सप्त गंडक के संगम स्थल को उनकी जन्म स्थली और आश्रम होने की मान्यता है। एक दावा प्रयाग से लगभाग चालीस किलोमीटर दूर झाँसी मानिकपुर रोड पर तो एक दावा चित्रकूट में होने का है। एक दावा सीतामढी के बिठूर में तो एक दावा हरियाणा फतेहाबाद में और कोई मध्यप्रदेश के मंडला जिले में नर्मदा संगम पर बने वाल्मीकि आश्रम को ही उनकी तपोस्थली मानता है। इन सभी स्थानों पर शरद पूर्णिमा को ही पूजन भंडारे होते हैं। कहीं कहीं तो चल समारोह भी निकलते हैं। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि या ऋषि ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक समरसता के भी प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने यह प्रमाणित किया कि जाति, जन्म या कर्म से कोई महान नहीं बनता, बल्कि अपने कर्म, ज्ञान और व्यवहार से व्यक्ति पूज्य बनता है। उनके आश्रम में सभी वर्गों के लोग आते थे और उन्हें समान रूप से शिक्षा दी जाती थी। आज भी वाल्मीकि समाज उन्हें अपने पूर्वज और मार्गदर्शक के रूप में पूजता है। अनेक राज्यों में वाल्मीकि मंदिरों और समुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश दिया जाता है। महर्षि वाल्मीकि न केवल एक महापुरुष थे, बल्कि वे भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनके द्वारा रचित रामायण आज भी करोड़ों लोगों के जीवन का मार्गदर्शन करती है। वाल्मीकि जयंती हमें यह प्रेरणा देती है कि हम अपने जीवन में उच्च आदर्शों को अपनाएं, समाज में समानता और समरसता को बढ़ावा दें और सत्य के पथ पर चलकर एक आदर्श जीवन जिएं। इस पावन अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को न केवल स्मरण करें, बल्कि अपने जीवन में उतारें और समाज को एक बेहतर दिशा देने में योगदान करें।

**(इस लेख के लेखक श्री मोहनलाल बडोली, भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं स्तंभकार है।)**


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली – 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# गुप्त साजिश का जाल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**कैलाश** पर्वत के गुप्त कक्ष में इन दिनों ऐसी अफरातफरी मची है कि पौराणिक महायुद्ध भी कम लगते हैं, शिवजी अपने ध्यान में बैठे-बैठे हर पल विश्राम ले रहे हैं और नंदी का हाल तो देखने लायक है, उनका महा-यंत्र नामक उपकरण बार-बार ठप हो रहा है, कारण है मैदानी इलाकों से आने वाला सूचना प्रवाह, विशेषकर दक्षिणी प्रांत से जहां न्याय विभाग का डेटा पहले से ही उनके लिए मुसीबत था, अब वहां की गुप्तचर एजेंसियों की फाइलों ने तो पूरे तंत्र को हिला दिया है, नंदी जी अपने सहयोगियों पर गरज रहे थे, "यह क्या अराजकता है? हमारा पवित्र लेखा कहता है कि इस जीव की अवधि समाप्त हो गई है, लेकिन मैदानी डेटा कहता है व्यक्ति हमारी गोपनीय हिरासत में है, तो हम जीव लेने चले या समझौता करें?", मामला इतना जटिल है कि कैलाश की विधि टीम ने विद्रोह की धमकी दे दी, कहते हैं कि मैदानी नियम समझना उनकी क्षमता से परे है, यह आप आगे-मैं आगे का ऐसा चक्र है जिसमें जीव मध्य में अटका रहता है, कैलाशदूत कहते हैं गुप्तचर भाई, मुक्त करो तो हम ले जाएं, और गुप्तचर कहते हैं पहले इनके विरुद्ध साक्ष्य इकट्ठे हों, फिर जहां ले जाना हो ले जाना, इसी रहस्यमयी उलझन में एक नई दस्तावेज शिवजी की चौकी पर गिरा, आवरण पर काली स्याही से अंकित केस 101: माया देवी - अत्यंत रहस्यपूर्ण लेकिन डरावना, शिवजी ने दस्तावेज खोला और प्रथम आरोप पत्र पढ़कर उनका चित्त अस्थिर हो गया, उन्होंने नेत्र बंद कर नंदी से पूछा "नंदी, यह देवी कौन है? और इन पर ये इल्जाम क्या हैं?

ज्ञान प्रसार की गुप्त योजना, परंपरागत अर्थव्यवस्था के विरुद्ध षड्यंत्र, नई सोच से जनता को बहकाना... हम तो युगों से हत्या, छल, लालच जैसे प्रकरण संभालते आए हैं, यह बुद्धिमान बनो, धनवान नहीं वाला अपराध कब से विधि में शामिल हुआ?", नंदी ने लंबी सांस ली, जो आधी व्यथा और आधी असहायता से परिपूर्ण थी, "महादेव, यही तो विपदा है, यह प्रकरण हमारे कार्यक्षेत्र से बाहर प्रतीत होता है, मैदानी तंत्र अब उन कार्यों के लिए व्यक्तियों को बंधक बना रहा है जिन्हें हम पुण्य मानते थे।

# श्राद्ध में ठहरा समाज, सत्ता में चलता व्यापार

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**धर्म** क्या है? यह सवाल जितना सरल लगता है, उतना ही पेचीदा है। पंडित बताएगा–"धर्म वही है जो शास्त्रों में लिखा है।" संत कहेगा–"धर्म वही है जो मन को शुद्ध करे।" नेता कहेगा–"धर्म वही है जो वोट दिला दे।" और आम आदमी कहेगा–"धर्म वही है जो हमें रोकता है, डराता है और कभी-कभी चपत भी लगाता है।"

श्राद्ध पक्ष में यही धर्म सबसे ज्यादा सक्रिय हो जाता है। पितरों का समय है, यानी वह अवधि जब पुरखे धरती पर आते हैं और हमसे अपेक्षा करते हैं कि हम उन्हें याद करें, तर्पण करें और दान-पुण्य करें। इस दौरान शादी-ब्याह, गृहप्रवेश, नया व्यापार या कोई नया शुभ काम करने की मनाही है। समाज मानता है कि यह 'अशुभ काल' है। यानी पूरा समाज 'रोक मोड' में चला जाता है। लेकिन राजनीति का समाज कभी रुकता नहीं। वहाँ श्राद्ध पक्ष में भी रैलियाँ होती हैं, फूल-मालाओं का आदान-प्रदान होता है, उद्घाटन होते हैं, माइक गरजते हैं और नेता जनता के सिर पर आशीर्वाद बरसाते हैं। कोई कहे–"श्राद्ध में तो सब ठहर जाता है," तो राजनीति ठहाके मारकर कहती है–"हमारे लिए हर दिन शुभ है, क्योंकि सत्ता ही सबसे बड़ा धर्म है।" धर्म का असली मर्म है–सत्य, करुणा, न्याय और कर्तव्य। लेकिन आज यह रस्मों के बोझ तले दबकर रह गया है। राजनीति ने धर्म को अपनी चाकरी में लगा लिया है। धर्म कहता है–"श्राद्ध में दिखावा मत करो, स्मरण करो।"

राजनीति कहती है–"श्राद्ध में भी माइक बजाओ, मंच सजाओ, वोट जुटाओ।" आम आदमी अपने पिता-दादा की आत्मा को तर्पण करने के लिए पानी में काले तिल डालता है। और नेता जनता की आत्मा को तर्पण करने के लिए मंच से झूठे वादे उछालता है। फर्क बस इतना है कि एक में चुप्पी है, दूसरे में शोर। सूतक का नियम भी दिलचस्प है। किसी के घर मृत्यु हो जाए तो तेरह दिन तक 'अशुद्धि' मानी जाती है। इस दौरान परिवार सामाजिक आयोजनों से दूर रहता है। यही नियम आम आदमी पर लोहे की तरह लागू है। लेकिन जब सत्ता की गाड़ी दौड़ती है, तो सूतक के सारे नियम ब्रेक की तरह फेल हो जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए मोबाइल एप से हो रहे आवेदन : कैलाश सैनी



**लाडवा, 6 अक्टूबर (विजय कौशिक)** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 सितंबर को हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन के लिए ऐप लॉन्च की हुई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के लिए इस योजना को शुरू किया है। उन्होंने एक लाख से कम इनकम वाले परिवार की महिलाओं को योजना के लिए जरूरी कागजात को पूरे कर आवेदन करने की अपील की।

प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत करके और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे उनकी समग्र भलाई और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा मिले और महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने चुनावों के दौरान जिस वायदे को महिलाओं से किया था, उसको सरकार का एक वर्ष पूरा होने से पहले ही पूरा करके दिखाया है। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र महिला को 2100 प्रति माह लाभ दिया जाएगा। यह लाभ बैंकों के माध्यम से डीबीटी के तहत वितरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस योजना के प्रयोजन के लिए प्रत्येक पात्र लाभार्थी के नाम पर एक चालू बैंक खाता होना चाहिए। इस योजना के तहत पात्र व्यक्ति महिला होगी तथा जिसकी आयु 23 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए व ऐसे परिवार से सम्बन्धित हो जिसकी सत्यापित वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक ना हो, जो महिला किसी अन्य राज्य से हरियाणा में विवाहित है जिसका पति हरियाणा का निवासी है और आवेदन के समय पिछले 15 वर्षों या उससे अधिक समय से हरियाणा राज्य में रह रहा है यह महिला इस योजना की पात्र है। एक नवंबर से महिलाओं के खाते में योजना का लाभ आना शुरू हो जाएगा।

### हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल को भावभीनी श्रद्धांजलि।

**लाडवा, 6 अक्टूबर (विजय कौशिक) :** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हरियाणा के तीन बार पूर्व मुख्यमंत्री रहे चौ. भजन लाल को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग ने बताया कि चौ. भजन लाल हरियाणा के बिश्नोई समाज से थे। उनका जन्म 6 अक्टूबर 1930 को ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत में हुआ था। विभाजन के बाद वे आदमपुर, हिसार आकर बस गए। उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया और आदमपुर से विधानसभा सदस्य के लिए चुनाव लड़ा और निर्वाचित हुए। वे 1979, 1982 और 1991 में हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री और भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने हरियाणा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पवन गर्ग ने वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएँ भी दीं।

### सुगनी देवी स्कूल के देव और सुनैना ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक।

**लाडवा, 6 अक्टूबर (विजय कौशिक) :** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने हर्ष के साथ बताया कि राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हमारे विद्यालय के देव और सुनैना राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता दून वैली इंटरनेशनल स्कूल करनाल में आयोजित की गई जिसमें 500 बच्चों ने भाग लिया। सुगनी देवी स्कूल के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक देव, सुनैना और वेनिका ने रजत पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य, प्रधानाचार्य, हेडमिस्ट्रेस , कोऑर्डिनेटर और सभी अध्यापकों ने बच्चों को और अध्यापक करनजीत को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिकायतों का समाधान करने में नागरिकों के बेवजह चक्कर न लगवाएं : डीसी गुप्ता

**शिविर**

- सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ।



**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, (वंदना शर्मा )**
**भिवानी, 06 अक्टूबर।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर आयोजित हुआ। डीसी ने अन्य विभागों के साथ-साथ विशेषकर क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परिवार पहचान पत्र में आय दुरूस्त करने और पेंशन संबंधित शिकायतों के समाधान करने के दौरान नागरिकों के बार-बार चक्कर न कटवाएं। नागरिकों को सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले शिविरों का सीधा फायदा मिलना चाहिए।

डीसी श्री गुप्ता के समक्ष बावड़ी गेट निवासी श्रीभगवान, साहिल, गुलशन ने गली से गंदा पानी निकासी बारे, विजय ने बुढ़ापा पेंशन, भतेरी, संजय, ओमप्रकाश, चंद्रवती ने बीपीएल कार्ड बनवाने, नेताजी कॉलोनी वासियों ने नेताजी चौक से अवैध मीट की दुकान हटवाने, ऊषा देवी ने बच्चों के आधार कार्ड बनवाने, सेक्टर-23 निवासियों ने शहीद भगत सिंह चौक से नेताजी चौक तक फुटपाथ से अवैध कब्जा हटवाने संबंधित समस्या रखी।

इसी प्रकार से गांव मोहिल्ला निवासी कृष्ण ने तालाब से अवैध कब्जा हटवाने, पालुवास निवासी सीताराम ने गली से अवैध कब्जा हटवाने, कामरेड ओमप्रकाश ने ढ़ाणा नरसान के दो परिवारों को बोरवेल के लिए बिजली कनेक्शन दिलवाने, दरियाव सिंह ने एमएलआर कटवाने बारे, नांगल के सरपंच ने गुमशुदा बाबा चंबानाथ की तलाश करवाने बारे अपनी शिकायत रखी। गांव बडेसरा निवासी आसी के अलावा राजबाला, सुंदर सिंह, स्थानीय निवासी बाला, रोहतास, रणबीर सिंह, बबलू, मनजीत, ओमप्रकाश ने पीपीपी में आय कम करवाने की शिकायत डीसी के समक्ष रखी।

डीसी श्री गुप्ता ने नागरिकों की समस्याओं को एक-एक कर गौर से सुना और उनके समाधान बारे अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में एसडीएम महेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, तहसीलदार जयबीर सिंह, जीएम दीपक कुंडू, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर, गैर सरकारी सदस्य नंदराम धानिया, रामकिशन हालुवासिया व सुनील वर्मा नंबरदार के अलावा अधिकारी मौजूद रहे।

## मौसमी वर्षा के कारण लाड़वा अनाज मंडी में पड़ा जलमग्न हुआ किसानों का सोना

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 6 अक्टूबर (विजय कौशिक) :** लाड़वा मे सोमवार को हुई बेमौसमी वर्षा के कारण लाड़वा अनाज मंडी में पड़ी किसानों की हजारों क्विंटल धान वर्षा की भेंट चढ़ गई। बेमौसमी वर्षा ने किसानों एवं व्यापारियों की चिंता तो बढ़ा ही दी है इससे खेतों में खड़ी धान की फसल और आलू की बुवाई पर भी बुरा असर पड़ा है। किसान रामधारी सिंह उर्फ भूरा, जसबीर सिंह ने का कहना है कि वर्षा के कारण किसानों की खेतों में खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अब कई दिनों तक खेतों में धान की कटाई नहीं हो पाएगी और आलू की रोपाई भी बुरी तरह से बाधित हुई है। किसानों का कहना है कि धान की फसल में किसान पहले ही प्राकृतिक मार झेल रहा है और मंडी में नमी के नाम पर लगाई कटौती में भी वह आर्थिक नुकसान झेल रहा है। किसानों का कहना है कि यदि और ज्यादा वर्षा हुई तो इससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा

क्या कहते है मंडी के आढ़तीः
लाड़वा मंडी के पूर्व प्रधान बिमलेश गर्ग ने कहा कि बेमौसमी बरसात के कारण पहले ही धान की फसल कम हुई है। उसके बाद पानी खड़ा रहने के कारण फसल मे नमी बनी हुई है।

जिससे फसल का रेट भी सही नहीं लग पा रहा है। बरसात के कारण धान के गीला होने के कारण अंकुरित भी हो जाएगा जिससे किसान पर तिहरी मार पड़ रही है। उन्होंने प्रसासन से मांग करते हुए कहा कि वर्षा के मौसम को देखते हुए मंडी के सभी व्यापारियों और शैलर मालिकों को भी धान को तिरपालों से सही तरीके ढकने के निर्देश दिए है ताकि सरकार द्वारा खरीदी गई और किसानों की मंडी में आई धान की फसल को कोई नुकसान ना पहुंचे।

### तेज बरसात से गन्ना किसानों की बढ़ी चिंता, फसल हुई धराशायी

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**
सोमवार दोपहर हुई तेज बरसात और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। मौसम में अचानक आए परिवर्तन के चलते यमुनानगर में गन्ने की फसल धरती पर बिछ गई। किसानों का कहना है कि इस समय गन्ने की फसल पक कर तैयार है, ऐसे में हवा और बारिश के कारण फसल के गिर जाने से उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। वहीं धान की फसल भी पकाव की अवस्था में है, जिससे उसके उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## लाड़वा किसान रेस्ट हाउस मे मनाई महेंद्र सिंह टिकैत जयंती

**जयंती**

- महेंद्र सिंह टिकैत का जन्म उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के सिसौली गांव में हुआ।



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 6 अक्टूबर (विजय कौशिक) :** लाड़वा अनाज मंडी स्थित किसान रेस्ट हाउस मे महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई गई। बाबा के नाम से प्रसिद्ध महेंद्र सिंह टिकैत का जन्म उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के सिसौली गांव में हुआ। उन्होंने अपना सारा जीवन किसानों के लिए अधिकार, सम्मान, हक दिलाने मे लगा दिया। महेंद्र सिंह को किसान नेता के रूप मे भी जाना जाता है। उन्होंने किसानों को जागरूक करने व संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। किसान परिवार का होने के कारण उनको किसानों के दर्द का अहसास हुआ तब उन्होंने ठाना कि किसानों को इस दर्द से कैसे छुटकारा दिलाया जाए। वर्ष 1980 मे इन्होंने भारतीय यूनियन की स्थापना की। 1988 में वोट क्लब पर बहुत बड़ी रैली करके उन्होंने गरीब मजदूर किसान सभी कोई इकट्ठा किया और सभी के लिए आवाज उठाई 13 वर्ष की आयु में बालियान खाप के प्रधान बने। इन्होंने किसानों की समस्याओं जैसे गन्ने के रेट को स्थिर कराया, ब्याज दरों मे कटौती व किसान ब्याज माफी आधी समस्याओं से किसानों को उभारा। महेंद्र सिंह ने किसान यूनियन मे ये नारा भी दिया कि यूनियन किसी जाति, राजनीतिक पार्टी व क्षेत्र से ऊपर उठकर है। इस अवसर पर जिला प्रधान रामधारी (भूरा), मदन लाल, जसबीर जैनपुर, अंग्रेज सिंह, राजकुमार,अमरजीत, करेसन, सुमित, सलींन्दर, जसविन्द्र, माईचंद,लवली, मामचंद सहित अन्य किसान शामिल रहे।

### नियो स्ट्रेच ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2025 में पेश किया द फ्रीडम कलेक्टिव

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख फैशन एवं लाइफस्टाइल समूह डोनियर ग्रुप ने बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2025 में अपने नवीनतम 4-वे स्ट्रेच फैब्रिक नियो स्ट्रेच का सफल प्रदर्शन किया। समूह ने इस प्रतिष्ठित मंच पर डिजाइनर पंकज सोनी के सहयोग से तैयार किए गए विशेष संग्रह द फ्रीडम कलेक्टिव को प्रस्तुत किया। इस संग्रह ने समकालीन परिधान शैली को नई पहचान दी, जो गति, प्रदर्शन और सौंदर्य को बिना किसी समझौते के एक साथ समेटता है। रनवे पर अपनी उपस्थिति से चार चांद लगाए गायक-संगीतकार अवितेश श्रीवास्तव ने, जबकि शो का भव्य समापन अभिनेता सनी सिंह ने शोस्टॉपर के रूप में किया।

द फ्रीडम कलेक्टिव ने डोनियर ग्रुप के प्रतिष्ठित ब्रांड्स, ओसीएम, ग्रेडो, डोनियर तथा हाल ही में लॉन्च किए गए नियो स्ट्रेच रिटेल, के चयनित परिधानों को भी प्रदर्शित किया। इस शोकेस में विशेष रूप से तैयार किए गए सूट और वर्सटाइल परिधान शामिल थे, जो नियो स्ट्रेच की सांस लेने योग्य और आकार बनाए रखने वाली विशेषताओं के कारण आसानी से कैजुअल और सेमी-फॉर्मल अवसरों में अनुकूल हो सकते हैं। राजेंद्र अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, डोनियर ग्रुप ने कहाः "हमारे लिए वस्त्र केवल परिधान नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का माध्यम हैं।

## ग्राम पंचायतों में लोगों के बीच बैठकर किया जा रहा है समस्याओं का समाधान

**तोशाम, (वंदना शर्मा )**
**तोशाम, 6 अक्टूबर** -डीसी साहिल गुप्ता (आईएएस) के दिशा-निर्देश पर कैरू ब्लॉक के विभिन्न गांवों में अधिकारियों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के तहत अधिकारी ग्राम पंचायतों में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और वहीं बैठकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं।



सोमवार को ग्राम पंचायत खापड़वास (10:00 बजे), देवराला (10:30 बजे), धारवानबास (11:00 बजे), खारियावास (11:30 बजे), सुंगरपुर (12:00 बजे), मानसरवास (12:30 बजे), सिमली (1:00 बजे) तथा जीतवनबास (1:30 बजे) में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी विभागों के अधिकारी इन पंचायतों में उपस्थित रहे और ग्रामीणों की शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया गया।

राज्यसभा सांसद मैडम किरण चौधरी और माननीय कैबिनेट मंत्री बहन श्रुति चौधरी के मार्गदर्शन में सभी विभागों के अधिकारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदीप गोलागढ़ ने कहा कि ह्लहम सब मैडम किरण चौधरी और बहन श्रुति चौधरी के परिवार का हिस्सा हैं, और हमारा एकमात्र लक्ष्य यही है कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की परेशानी में न रहे ।ह्व कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, मीर सिंह चेयरमैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश, सत्यनारायण शर्मा, जयपाल लेघा सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा रहे मुख्य अतिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर-**
महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार को डीएवी गर्ल्स कॉलेज में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संत-महापुरुषों की जयंती को सम्मानपूर्वक मनाया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि और संस्कृत महाकाव्य रामायण के रचयिता के रूप में जाना जाता है। वाल्मीकि जी ने मानवता, सत्य, धर्म और करुणा का अद्भुत संदेश दिया। मंत्री राणा ने कहा कि वाल्मीकि जी को संस्कृत के पहले श्लोक का जनक माना जाता है। उन्होंने समाज को समानता, मानवता और सत्य की राह दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज को 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में डॉ. रमेश धारीवाल ने वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया। छात्राओं ने उनके आदर्शों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार ने किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, मेयर सुमन बहमनी, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### श्री कपाल मोचन मेला तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, धर्मबीर -**
उपमंडल अधिकारी (व्यासपुर) एवं मेला प्रशासक श्री कपाल मोचन-आदि बद्री जसपाल सिंह गिल ने सूरजकुंड स्थित श्राइन बोर्ड कार्यालय में मेला तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने बताया कि उपायुक्त एवं श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में मेले की व्यवस्थाएं जोरों पर हैं।

## डिजिटल कांटे के द्वारा अनाज मंडी तोल को करवाया गया चालू

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 6 अक्टूबर (विजय कौशिक) :** लाड़वा मंडी मे आज भारतीय किसान यूनियन के द्वारा डिजिटल कांटे के द्वारा लाडवा अनाज मंडी तोल को चालू करवाया गया। किसान यूनियन के जिला प्रधान रामधारी सिंह (भूरा ) ने बताया कि किसानों को पहले की बेमौसमी बरसात ने टिहरी मार से मारा हुआ है।

पहले फसल का झाड काम निकला, फिर नमी के नाम पर कट लगाए जा रहे हैं उसके बावजूद कांटे के वजन मे भी गड़बड़ देखने को मिल रही थी जिसके चलते आज मंडी मे डिजिटल कांटे की शुरूवात



कारवाई गई। रामधारी ने कहा कि लाडवा मंडी के सचिव संत कुमार का भी भरपूर सहयोग मिला। तोल को मंडी प्रधान राजीव आर्य की दुकान से शुरू किया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान रामधारी (भूरा), मदन लाल, जसबीर जैनपुर, अंग्रेज सिंह, राजकुमार,अमरजीत, करेसन, मंडी प्रधान राजीव आर्य, अनाज मंडी के आढ़ती व भारी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

ब्यान मार्केट कमेटी सचिव : मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार ने कहा कि जैसे कि मौसम विभाग व उपायुक्त महोदय के द्वारा सूचना दी गई है कि 6-7 अक्टूबर को बरसात होगी इसके बावजूद आज भी किसान अपनी फसल को लेकर मंडी पहुँचा। जिसके कारण किसानों की काफी फसल पानी मे भीग गई। सचिव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि मौसम को देखते हुए ही फसल को मंडी मे लेकर आएं, नहीं हो बरसात के कारण फसल के खराब व मंडी मे जाम की स्थिति बन जाएगी।

## हकेवि में दस दिवसीय ‘ज्ञान‘ पाठ्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा ह्यखाद्य सुरक्षा पोषण एवं नवाचारह्व विषय पर दस दिवसीय ह्यज्ञानह्व (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ अकादमिक नेटवर्क्स) पाठ्यक्रम की सोमवार का शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय की स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत आयोजित ज्ञान कार्यक्रम का उद्घाटन विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विदेशी विशेषज्ञ डॉ. एंटोनियो रापोसो, लूसोफोन यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूमेनेटिज एंड टेक्नोलाजिज, लिसबन, पुर्तगाल की गरिमामयी उपस्थिति में किया। कुलपति ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के वैश्विक अकादमिक सहभागिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यलय की स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ह्यज्ञानह्व पाठ्यक्रम का उद्देश्य भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से जोड़कर शिक्षण और शोध की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाना है। प्रो. गुप्ता ने इस अवसर पर पीठ के शिक्षकों द्वारा निरंतर जारी शोध का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति की ओर से मिल रहे सहयोग के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने विषय की महत्ता और प्रतिभागियों के लिए आयोजन की उपयोगिता पर विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से जमीनी स्तर पर आमजन लाभांवित होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विषय की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा, पोषण और नवाचार सीधे तौर पर आमजन को पहुँचाना चाहिए। यह हमारा सामूहिक दायित्व है। यह कार्यक्रम विद्वानों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ जनजागरूकता को भी पोषण के प्रति बढ़ाने में सहायक होगा। कुलपति ने आयोजन में सम्मिलित विदेशी विशेषज्ञ व राष्ट्रीय विशेषज्ञों के प्रति भी आभार व्यक्त किया और कहा कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए प्रतिभागी इस आयोजन में माध्यम से विषय के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को समझेंगे। कुलपति ने अपने संबोधन में खाद्य उत्पादों में पोषण के महत्त्व के प्रति आमजन की जागरूकता को अहम बताया। विदेशी विशेषज्ञ डॉ. एंटोनियो रापोसो ने विश्वविद्यालय कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके लिए यह महत्त्वपूर्ण अवसर है।

## छछरौली में तेज बरसात से अनाज मंडी की व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,धर्मबीर-**
सोमवार दोपहर हुई तेज बरसात ने छछरौली अनाज मंडी की व्यवस्थाओं को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक चली तेज हवाओं और भारी बरसात के कारण मंडी में रखे धान की बोरियों व ढेरों पर डाले गए तिरपाल उड़ गए, जिससे तुला हुआ अनाज और किसानों की ढेरियां भीग गईं।



इस दौरान मंडी में मौजूद किसान और आढ़ती मायूस नजर आए। किसान सोमबीर ने बताया कि ह्लसुबह धूप निकली थी, इसलिए हम धान लेकर मंडी आ गए, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे अचानक तेज हवा और बारिश शुरू हो गई। आढ़तियों ने पहले से तिरपाल डलवाए थे, परंतु तेज हवाओं में उड़ गए और धान की ढेरियां पानी में बह गईं।

किसानों ने बताया कि पहले बाढ़ के चलते फसलें खराब हुई थीं, अब जब मुश्किल से कटाई हो रही थी, तो बरसात ने फिर नुकसान बढ़ा दिया। खेतों में खड़ी फसलें भी इससे प्रभावित हुई हैं। मार्केट कमेटी सचिव ऋषिराज ने बताया कि मौसम विभाग के अलर्ट के बाद आढ़तियों को पहले ही सूचित किया गया था और किसानों से 2 दिन तक अनाज लेकर न आने की अपील भी की गई थी। उन्होंने बताया कि ह्लतेज बरसात के कारण मंडी की व्यवस्थाएं प्रभावित हुई हैं, और फसल को सुखाने व व्यवस्था सामान्य होने में कम से कम दो दिन लगेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### इंद्री में बेमौसमी बारिश से मंडी में पड़ा धान भीगा, लाखों का नुकसान



**इंद्री, 6 अक्तूबर (मैनपाल कश्यप ):** इंद्री क्षेत्र में सोमवार सुबह हुई बेमौसमी बारिश ने किसानों और राइस मिलर्स की मुश्किल बढ़ा दी है । अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़े लगभग एक लाख धान के कट्टे बारिश में भीग गए, जिससे भारी मात्रा में अनाज खराब हो गया और मिलर्स को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। सोमवार की सुबह अचानक बारिश शुरू हुई, जो रुक-रुक कर दो घंटे तक चलती रही। इस दौरान अनाज मंडी में रखे धान के कट्टों को बचाने के लिए कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया था। धान खुले में ही पड़ा रहा और मंडी प्रशासन के पास ना तो पर्याप्त मात्रा में तिरपाल थे और ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद थी। मंडी में एजेंसियों द्वारा जो धान मिलर्स को अलॉट किया गया था, वह सारा खुले में पड़ा था। बारिश के कारण पूरा धान भीग गया है, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित हुई है। राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान हरपाल मंढ़ाण ने बताया कि लगभग एक लाख कट्टे बारिश में भीगने से मिलर्स को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा की बरसात होने से मिलर्स को काफी नुक्सान हुआ है

### इंश्योरेंसदेखो ने की अपने पहले 2 मिलियन डॉलर के ईएसओपी लिक्विडिटी प्रोग्राम की घोषणा

**गुरुग्राम ।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म में से एक, इंश्योरेंसदेखो ने आज 2 मिलियन डॉलर मूल्य के अपने पहले ईएसओपी लिक्विडिटी प्रोग्राम की घोषणा की। यह उपलब्धि कंपनी की सार्थक धन सृजन के माध्यम से अपने कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, साथ ही स्वामित्व, पारदर्शिता और दीर्घकालिक मूल्य सृजन की अपनी संस्कृति को और गहरा करती है ।अपने ईएसओपी प्रोग्राम को लॉन्च करने के सिर्फ दो साल के भीतर, इंश्योरेंसदेखो ने निहित विकल्पों वाले सभी कर्मचारियों को अपनी होल्डिंग्स को आंशिक रूप से भुनाने का अवसर प्रदान किया है। इस लेनदेन को सेकेंडरी सेल के रूप में संरचित किया गया, जिसने लगभग 150 वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों को मूर्त वित्तीय लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाया, जबकि वे कंपनी के भविष्य के विकास में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखेंगे। इस प्रगति पर टिप्पणी करते हुए, इंश्योरेंसदेखो की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, दिव्या मोहन ने कहा, इंश्योरेंसदेखो में, हमारे लोग हमेशा हमारी यात्रा के केंद्र में रहे हैं। यह पहला लिक्विडिटी प्रोग्राम एक वित्तीय मील का पत्थर से कहीं अधिक है; यह हमारे इस विश्वास का प्रतीक है कि विकास को उन लोगों के साथ सार्थक रूप से साझा किया जाना चाहिए जो इसे संभव बनाते हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है कि हम न केवल एक सफल कंपनी का निर्माण करें, बल्कि एक ऐसी कंपनी का निर्माण करें जहाँ प्रत्येक कर्मचारी हमारे द्वारा मिलकर बनाए गए मूल्य से लाभान्वित हो।

# भाविप ने किया भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

## सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्रतियोगिता के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई

**प्रतियोगिता**

- प्रतियोगिता का आयोजन सलारपुर रोड स्थित गीता निकेतन के सभागार में किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा शाखा स्तरीय भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन सलारपुर रोड स्थित गीता निकेतन के सभागार में किया गया जिसमें शहर के 20 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम से किया गया तत्पश्चात शाखा संरक्षक रतन चंद सरदाना एवं वरिष्ठ सदस्य रमेश गुलाटी जी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव चावला जी अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कुरुक्षेत्र, एवं विशिष्ट अतिथि रामेंद्र सिंह जी निर्वतमान निदेशक ,विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान को श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। शाखा सचिव बलजीत चावला ने कार्यक्रम के बारे में एवं भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में उपस्थित सभी अतिथियों एवं अन्य लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात शाखा के वरिष्ठ सदस्य सुशील सूद जी द्वारा आए हुए सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्रतियोगिता के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आज की भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता वरिष्ठ और कनिष्ठ दो वर्गों में की गई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं क्विज मास्टरों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर फटाफट देकर विद्यार्थियों में एक दूसरे से आगे बढ़ाने की होड़ लगी रही । कार्यक्रम में बहुत ही अनुभवी क्विज मास्टर डॉ अशोक चौधरी, डॉ जवाहरलाल, सुशील सूद ,अखिलेश गुप्ता एवं बलजीत चावला ने प्रतियोगी विद्यार्थियों से बहुत ही शानदार अंदाज में प्रतियोगी प्रश्न पूछ कर प्रतियोगिता को रोचक बनाए रखा । प्रतियोगिता में प्रतियोगी विद्यार्थियों ने भी फटाफट प्रश्नों के उत्तर देकर वहां उपस्थित जन समूह को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया । कार्यक्रम की तकनीकी व्यवस्था में डॉ नितिन गोयल, अतुल गोयल सुशील सूद एवं अखिलेश गुप्ता आदि ने विशेष सहयोग किया । प्रवीण घई, डॉ हरिप्रकाश शर्मा और जयप्रकाश पवार जी ने अंक तालिका बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया । कार्यक्रम आयोजन के लिए श्रीमती शारदा गुलाटी श्रीमती मानसी गर्ग एवं श्रीमती रितु गुप्ता द्वारा पंजीकरण का कार्य बहुत ही सुचारू रूप से किया गया । शाखा के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र समरान द्वारा फोटोग्राफी का काम बहुत ही कुशल ढंग से किया गया ।

आज की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने प्रथम ,महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल ने द्वितीय एवं डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और वरिष्ठ वर्ग में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल ने प्रथम, अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने द्वितीय एवं सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इन सभी विजेता विद्यार्थियों एवं विद्यालयों को मंच पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# छात्रों ने नए आपराधिक कानूनों पर लगी प्रदर्शनी का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज एस.के.एस. कॉलेज ऑफ लॉ के चेयरमैन गुरप्रीत सिंह और प्राचार्य दलीप कुमार के मार्गदर्शन में हमारे विद्यार्थियों ने ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र मेला ग्राउंड में आयोजित राज्य सरकार की नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का दौरा किया। इस दौरे में संकाय सदस्य मिस आबा, मिस काजल, सुमित और अंकित भी साथ रहे। प्रदर्शनी में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं को प्रदर्शित किया गया, जिनमें तेज न्याय, पारदर्शिता और भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली के आधुनिकीकरण से जुड़ी सुधारों पर विशेष जोर दिया गया। विभिन्न स्टॉलों में इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल प्रस्तुतियाँ और जानकारीपूर्ण प्रदर्शन लगाए गए थे, जिनमें एक-एफआईआर, संगठित अपराध और फोरेंसिक प्रक्रियाओं से संबंधित विषय शामिल थे ।यह दौरा अत्यंत शैक्षणिक और प्रेरणादायक रहा, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारत के नए कानूनी ढांचे के कार्यप्रणाली की गहन समझ प्रदान की।

**मार्गदर्शन**

- कुरुक्षेत्र मेला ग्राउंड में आयोजित राज्य सरकार की नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का दौरा किया

# लिटिल मिलेनियम स्कूल में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। शिक्षकों ने बच्चों को महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और रामायण के लेखन के महत्व के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने वाल्मीकि जी पर आधारित श्लोक और भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक



परमिंदर बाठ ने कहा कि हमें महर्षि बाल्मीकि जी के दिखाए गए मार्ग ने बच्चों को सच्चाई, परिश्रम और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति और संत महापुरुषों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था।

# जिन्दल के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव में युवा दिखा रहे हैं रूचि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में युवाओं का उत्साह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अब तक लगभग पौने दो लाख प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लफिट इंडिया अभियानह्व के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाता प्रतीत हो रहा है। सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और सांसद खेल महोत्सव को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सांसद नवीन जिन्दल इन खेलों के पंजीकरण से लेकर आयोजन तक की प्रत्येक गतिविधि पर व्यक्तिगत रूप से नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम को निर्देश दिए हैं कि इस खेल महोत्सव को कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाए। सांसद जिन्दल ने हाल ही में यमुनानगर, कैथल और कुरुक्षेत्र में हुई दिशा समीक्षा बैठकों में भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे



खेलों के सफल आयोजन में पूरा सहयोग सुनिश्चित करें।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि सभी खेल स्टेडियमों में खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कि पानी, स्वच्छता, फर्स्ट एड, और तकनीकी सहयोग समय पर उपलब्ध कराई जाएं ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का स्पष्ट मत है कि इस आयोजन से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और ग्रामीण अंचलों में भी खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इन खेलों के माध्यम से फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के अनुसार ह्लसांसद खेल महोत्सव सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने, उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का एक अभियान है। उन्होंने सभी कार्यकताओं, स्वयंसेवकों और युवाओं से अपील की कि वे खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का विश्वास है कि युवाओं की यह भागीदारी ह्लविकसित भारत-स्वस्थ भारतह्व के निर्माण में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में जल्द ही टीमें बनाकर खेलों की प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

# लक्ष्य कार्यालय में स्थानीय दुकानदारों की बैठक का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जी.** एस .टी कर सुधार को लेकर स्थानीय नवाकोट गुरुद्वारा रोड के लक्ष्य कार्यालय में स्थानीय दुकानदारों की बैठक का आयोजन किया गया। जिला भाजपा के उपाध्यक्ष एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक नवीन भाटिया ने इस बैठक की अध्यक्षता की। दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा ने सभी का स्वागत किया। हिमांशु वीरमणि ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक



को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी को लागू कर एक देश, एक कर, एक बाजार की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी ने देश की कर प्रणाली में पारदर्शिता, सरलता और समानता सुनिश्चित की है, जिससे न केवल व्यापार सुगमता में वृद्धि हुई है, बल्कि भारत की आर्थिक विकास दर को भी नई गति मिली है।

केंद्र सरकार ने जीएसटी कर सुधार करके आम आदमी को राहत प्रदान करने का काम किया है। यही कारण है कि इन दिनों देश के सभी शहरों के बाजारों में रौनक पुनः लौट आई है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद टैक्स में इतने बड़े पैमाने पर पहले कभी जनता को राहत नहीं दी गई। इससे पूर्व केंद्र सरकार ने आयकर की सीमा को बढ़ाकर 12.75 लाख तक करके भी मध्य वर्ग को खास राहत दी गई हैं।जिससे लगता है इस बार की दिवाली लोगो के लिए खास तोहफा लेकर आई है। उन्होंने सभी दुकानदारों से अनुरोध किया कि वे इस जीएसटी कर छूट का लाभ आम ग्राहकों को देने का कार्य करे। शहरी दक्षिण मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा ने कहा कि जीएसटी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप से संगठित किया है।

# भाकियू ने किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई महेंद्र सिंह टिकैत की 90वीं जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर,(कुलदीप सैनी) :** गांव धौडंग स्थित भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय में किसान नेता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की 90वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंबरदार दीप राणा व यादविन्द्र काम्बोज जयपुर ने की।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि बाबा टिकैत की जयंती पूरे देश में आज किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई गई। उन्होंने कहा कि बाबा टिकैत ने अपना जीवन किसानों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया। 1988 में



दिल्ली के वोट क्लब पर हुए ऐतिहासिक आंदोलन से लेकर 2020-21 के किसान आंदोलन तक उनकी विचारधारा किसानों को प्रेरित करती रही है। कार्यक्रम में महेंद्र कंबोज, अरविंद कंबोज, धर्मवीर अमलोहा, अशोक डांगी, सुरेश सांगवान, पवन गोयल, विपिन गुर्जर सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**शाहाबाद मारकंडा 5 अक्तूबर (प्रदीप कुमार)**

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सरायसुखी निवासी नरेंद्र सिंह ने कहा कि उसका चाचा बलदेव सिंह एक ढाबे पर काम करता था। बीते दिन प्रात के समय वह ढाबे से मोटरसाईकिल पर अपने गांव के लिए चला था। वह उसे धंतौड़ी पुल के नीचे मिला। जब उसका चाचा बलेदव गांव धंतौड़ी से सरायसुखी जा रहा था तो पीछे से एक ट्रैक्टर ट्राली चालक ने अपने ट्रैक्टर को गफलत व लापरवाही से चलाते हुए सीधी टक्कर मोटरसाईकिल में मार दी जिससे उसका चाचा उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गया और बेहोश हो गया।

# रचनात्मक गतिविधियों का किया आयोजन

**इंद्री 6 अक्टूबर (मैनपाल कश्यप )** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी-इंद्री के विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 2025 के अवसर पर एक रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, स्केच और शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता सहित एक क्रिएटिव शोकेस का आयोजन किया गया, जिसका विषय था न्याय सबके लिएः विधिक सहायता की दृष्टि से। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की देखरेख प्रो. नवीन कुमार (विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी),



तथा डॉ. सुरेश कुमार एवं डॉ. गीता देवी द्वारा की गई। इस प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विधिक सहायता, समानता तथा न्याय के महत्व को अपनी रचनात्मक कृतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. राजकुमार सिसोदिया, डॉ. प्रदीप कुमार, एवं सोनिया रानी शामिल रहे। उनके द्वारा रचनात्मकता, विषय की समझ एवं प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। विजेता छात्राएं निम्नलिखित रहीं: प्रथम स्थान झ कृतिका (बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान झ चांदनी (बी.कॉम. प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान - शिवानी (बी.ए. तृतीय वर्ष) प्राचार्य डॉ. बागी ने सभी प्रतिभागियों को विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति उनकी जागरूकता और सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को समाज में न्याय और समानता की अवधारणाओं को समझने और उसे जन-जन तक पहुँचाने की प्रेरणा मिलती है। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा चलाए जा रहे।

**क्रिएटिव शोकेस**

- समानता की अवधारणाओं को समझने और उसे जन-जन तक पहुँचाने की प्रेरणा मिलती है

# समाधान शिविरों का किया जा रहा है आयोजनः विश्राम कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार प्रशासन की तरफ से प्रत्येक सप्ताह के कार्य दिवस में सोमवार व वीरवार को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की रिपोर्ट ले रहे है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में लोगों की समस्या का समाधान करने



उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने क्रिड व अन्य विभागों से सम्बन्धित 21 समस्याओं को सुना और इनमें से 17 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई।

उपायुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे शिविरों का फायदा उठाएं। सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को समयबद्ध तरीके से समाधान करके इस फायदे को निरंतर चलाते रहें। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से जल आपूर्ति, सडक मरम्मत, पेंशन संबंधित समस्याएं और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रही।

**शिविर**

- अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की रिपोर्ट ले रहे है

शिविर के दौरान नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि समाधान शिविर के जरिए उनकी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का मंच मिल रहा है। ऐसे शिविरों के आयोजन से न केवल प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हो रहा है, बल्कि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया भी सरल और त्वरित हो रही है।

# बारिश से भीगी मंडी में पड़ी धान की फसल, किसानों की बढ़ी चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौरः** सोमवार को मौसम ने अचानक करवट बदली तो किसानों की चिंता बढ़ गई। बरसात के कारण एक और मंडियों में पड़ी धान की फसल भीग गई, वहीं खेतों में खड़ी फसल को लेकर भी किसान परेशान दिखे। अचानक हुई तेज बारिश के चलते आढ़तियों ने धान की बोरियों को तिरपाल से ढकने की कोशिश की, लेकिन पर्याप्त तिरपाल न होने से बड़ी मात्रा में फसल भीग गई। मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों जयकुमार, रमेश और विक्रम ने बताया कि पिछले कई दिनों से मौसम साफ था, इसलिए वे फसल बेचने की उम्मीद में मंडी पहुंचे थे।



लेकिन बारिश के कारण अब उन्हें फसल के सूखने का इंतजार करना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त शेड नहीं हैं, जिससे हर बार बरसात में यही समस्या सामने आती है। वहीं आढ़ती भी उठान कार्य की धीमी गति से चिंतित नजर आए। उनका कहना है कि अगर उठान तेजी से हो, तो मंडी में जगह खाली होगी और भीगी फसल को नुकसान से बचाया जा सकेगा।

# विधायक एव मेयर ने किया करीब 101.94 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यो का शुभारंभ

**लोकार्पण**

**इस दौरान सेक्टर-13 के पार्क नम्बर 9 में लगे तिरंगे झंडे का लोकार्पण भी किया गया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सोमवार को संयुक्त रूप से वार्ड नम्बर- 4, 5व 10 में करीब 101 लाख 94 हजार रुपये की लागत से होने वाले 3 विकास कार्यो का शुभारम्भ किया। इस दौरान सेक्टर-13 के पार्क नम्बर 9 में लगे तिरंगे झंडे का लोकार्पण भी किया गया है। इस मौके पर वार्ड 4 के पार्षद भूपेंद्र नोतना, वार्ड 5 के पार्षद सुभाष कंबोज, वार्ड 10 की पार्षद कुमारी आशया कुमार तथा नगर निगम के अभियंता मौजूद रहे।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नही छोड़ी जाएगी तथा करनाल के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। करनाल नगर निगम में विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी एवं आवासन मामले मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य करवाएं जा रहें है और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ मिल सके, इस पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का सही इस्तेमाल हो और करनाल स्वच्छ व सुंदर दिखे, इसका ध्यान रखा जा रहा है। विकास कार्यो की करनाल की रैंकिंग में नम्बर वन रहें, इसी सोच के साथ लगातार कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जन-सेवक के रूप में चुना है, इसलिए जनता के प्रति जवाबदेही उनकी है। जनता के विश्वास से तीसरी बार भाजपा की सरकार प्रदेश में बनी है और ट्रिपल इंजन की सरकार इस समय प्रदेश में काम कर रही है। सबका साथ-सबका विकास व सबका-विश्वास के सिद्धांत पर काम किया जा रहा है। शहर में जो भी विकास कार्य हो रहें है, उस जगह पर उस विकास कार्य से संबंधित बोर्ड लगाया जाता है।

# रौनक पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय गणित विषय में कौशल विकास कार्यशाला सम्पन्न



**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल, गन्नौर में सी.बी.एस.ई. की ओर से दो दिवसीय गणित विषय में कौशल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों में गणित विषय के प्रति नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों, गतिविधियों एवं कौशल आधारित शिक्षण को प्रोत्साहित करना था।
कार्यशाला में संसाधन व्यक्तित्व के रूप में यतिन रावल एवं रिचा शर्मा उपस्थित रहे। दोनों ने गणित शिक्षण से संबंधित अनेक नवीन तकनीकों, व्यवहारिक उदाहरणों एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।
कार्यशाला में यमुनानगर, जगाधरी, समालखा, पानीपत, रोहतक, टी.डी.आई. सोनीपत आदि क्षेत्रों के गणित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं क्योंकि इनके माध्यम से शिक्षण कार्य में नवीनता और प्रभावशीलता आती है। यह निश्चय ही शिक्षण क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होंगी। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बेसहारा गोवंश पकड़ने वाली एजेंसी ने नहीं किया काम शुरू, नगरपालिका ने भेजा नोटिस



**गन्नौर।** शहर की गलियों और सड़कों पर भटक रहे बेसहारा गोवंश से राहत दिलाने के लिए नगरपालिका ने टेंडर अलाट किया था, लेकिन एजेंसी ने अब तक काम शुरू नहीं किया है। जिससे शहर में बेसहारा गोवंश भटक रहे हैं। गन्नौर की गोशालाओं में पहले से ही जगह पूरी तरह भर चुकी है, जिस कारण बेसहारा गोवंश गलियों और सड़कों पर घूम रहे हैं। यह न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर भी असर डाल रहे हैं। नगरपालिका ने गोवंशो पकड़ने के लिए टेंडर एजेंसी को अलाट किया था। शर्तों के अनुसार प्रति गोवंश 1110 रुपये का भुगतान तय किया गया था। पकड़े गए गोवंश की टैगिंग कर उन्हें सोनीपत नंदीशाला भेजा जाना था, लेकिन एजेंसी ने एक भी गोवंश को नहीं पकड़ा।

**-भेजा तीसरा नोटिस**

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि एजेंसी को पहले ही दो नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। अब तीसरा नोटिस भेजकर तीन दिन का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस अवधि में काम शुरू नहीं किया गया तो टेंडर को निरस्त कर एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

-दोबारा लगाएंगे टेंडर

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने कहा कि यदि मौजूदा एजेंसी को ब्लैकलिस्ट हुई, तो तुरंत नया टेंडर जारी किया जाएगा और दूसरी एजेंसी को काम सौंपा जाएगा।

### स्वदेशी संकल्प आत्मनिर्भर भारत की नींव : महिपाल ढांडा

**यमुनानगर,धर्मबीर-**

भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल पर आयोजित ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व विषयक प्रेस वार्ता में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।
उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के लिए स्वदेशी संकल्प केवल नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत की नींव है। ह्लहर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा मंत्र है। पहले हम तकनीक का आयात करते थे, आज दुनिया भारत से सीख रही है,यह आत्मनिर्भर भारत का नया चेहरा है, ढांडा ने बताया कि स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा तीनों मिलकर विकसित भारत का आधार तैयार कर रहे हैं। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियान इसी दिशा में काम कर रहे हैं।
इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता विधू रावल, मेयर सुमन बहमनी, जिला महामंत्री नरेंद्र राणा, प्रवीण खदरी, मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, प्रीति जौहर व दीक्षा बरार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुरु रामदास जी के गुरु पर्व पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा हुए नतमस्तक

**यमुनानगर,धर्मबीर-**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने सोमवार को गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी के गुरु पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। मंत्री राणा ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया।
कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन के डायरेक्टर डॉ. वरिंदर गांधी, प्रिंसिपल सुखविंद्र कौर, प्रधान महंत कर्मजीत सिंह और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मंत्री राणा का फूलमालाओं से स्वागत किया।

# गांव में बैंकिंग सेवा शुरू होने से समय व संसाधनों की बचत होगी : कौशिक

**उद्घाटन**

**- सनपेड़ा गांव में बैंक शाखा का देवेन्द्र कौशिक व सरपंच प्रमोद ढाका ने किया उद्घाटन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सनपेड़ा गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक निजी बैंक की शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में गांव के सरपंच प्रमोद ढाका के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि गांव में बैंक शाखा खुलने से ग्रामीणों को अब अपने ही क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने बैंक प्रबंधन को ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास की सराहना की। कौशिक ने कहा कि 17 अक्टूबर को सोनीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली होगी। रैली में काफी संख्या में ग्रामीणों को पहुंचना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति की तरफ अग्रसर है। वे देश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ने देश को विश्व मंच पर एक मजबुत पहचान दिलाई है। गरीब,किसानों औ श्रमिकों के हित में विभिन्न योजनाएं शुरू की है। स्वच्छ भारत अभियान से देश में स्वच्छता की नई सोच विकसित की। डिजिटल इंडिया से गांव- गांव तक तकनीक पहुंची। देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन का मजबूत संदेश दिया। युवाओं को स्टार्टअप इंडिया से रोजगार सृजन की प्रेरणा दी। भारत की सुरक्षा व्यवस्था और भी सुदृढ़ हुई है। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में कार्य किया। इस मौके पर बैंक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मनोज गौतम को मिला निर्मला सारस्वत उद्घोषक सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्योत्सव एवं सम्मान समारोह में मनोज गौतम को निर्मला सारस्वत उद्घोषक सम्मान से सम्मानित किया गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, निर्मला स्मृति साहित्यिक समिति हरियाणा एवं प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान कुरुक्षेत्र के सयुंक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य उत्सव, सम्मान एवं पुरस्कार तथा पुस्तक लोकार्पण का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी एवं निर्मला स्मृति साहित्यिक समिति द्वारा देश विदेश के साहित्यकारों, अनुवादकों एवं चिंतकों को सम्मानित किया गया। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. रविंद्र कुमार मेरठ लोकपाल उत्तर प्रदेश, प्रो. नरेश मिश्र रोहतक, प्रो. पूरनचंद टण्डन, प्रो लालचंद गुप्त मंगल, प्रो. बाबूराम कुरुक्षेत्र, डॉ. मधुकांत, डॉ. जयभगवान सिंगला, प्रो पवन अग्रवाल, प्रो सुशील कुमार, डॉ. संजय अनंत दुबई की उपस्थिति में साहित्यकारों, हिंदी सेवियों को सम्मानित किया गया। निर्मला समिति अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार मंगलेश ने बताया कि मनोज गौतम को कुशल मंच संचालन के उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन को देखते हुए यह पुरस्कार दिया गया है।

# महेंद्रगढ़ आईटीआई में सेमीकंडक्टर ट्रेड की सभी सीटें खालीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए छह बार पोर्टल ओपन होने के बाद भी जिले के 11 संस्थानों की 890 सीटें रिक्त हैं। महेंद्रगढ़ आईटीआई में पहली बार शुरू सेमीकंडक्टर ट्रेड में 24 सीटें हैं। इनमें एक भी सीट पर दाखिला नहीं हुआ।
विभाग की ओर से इस दाखिला प्रक्रिया के तहत 28 जुलाई, 7, 22, 30 अगस्त, 17 सितंबर, 30 सितंबर तक दाखिले के लिए छह बार पोर्टल खोला गया था। इसके बाद भी 11 संस्थानों में सीटें रिक्त रह गई हैं। जिले में 11 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की 3288 सीटों में से 2398 सीटों पर दाखिला हो चुका है। 890 सीटें रिक्त हैं।
जिले में सबसे ज्यादा महेंद्रगढ़ आईटीआई में 237 सीटें रिक्त और सबसे कम शहबाजपुर आईटीआई में 14 सीटें रिक्त हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य महाबीर सिंह ने बताया कि कौशल विकास विभाग की ओर जिले की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए छह बार पोर्टल ओपन करने के बाद भी संस्थान में रिक्त सीटें रह गई है। जिले में 11 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की कुल 3288 सीटों में से 2398 विद्यार्थी ने दाखिला ले चुके हैं।

# नशामुक्त हरियाणा-स्वस्थ हरियाणा विषय पर संगोष्ठी, पोस्टर व प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**

**तोशाम-**: गांव दिनोद स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशामुक्त हरियाणा-स्वस्थ हरियाणा विषय पर संगोष्ठी, पोस्टर व स्लोगन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, इसमें मुख्य वक्ता प्राचार्या सीमा कुमारी, सुरेन्द्र सिंह व ममता पालीवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर लक्ष्मण गौड़ ने की। श्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कला प्रवक्ता मुकेश कुमारी व सुनीता श्योराण के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्राचार्या सीमा कुमारी ने कहा कि आज



युवाओं में नशे की प्रवृति खतरनाक तरीके से बढ़ती जा रही है। यह लत युवाओं के साथ-साथ महिलाओं में भी बढ़ती जा रही है। नशे के चलते मनुष्य सोचने की शक्ति को खत्म कर देता है। नशे के कुप्रभाव से न केवल स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक हानि भी होती है। इससे करियर चौपट हो जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मण गौड़ ने कहा कि इस समस्या से हरियाणा, पंजाब ही नहीं बल्कि पूरा देश धीरे-धीरे चपेट में आता जा रहा है। विशेषकर छात्र नशाखोरी की समस्या के खिलाफ अभियान चलाकर अपना रचनात्मक सहयोग दे सकते हैं। इससे हमारा हरियाणा स्वस्थ हरियाणा बन सकता है। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान कक्षा 12वीं की छात्रा वर्षा, द्वितीय स्थान ज्योति व तृतीय स्थान कक्षा दसवीं की छात्रा राधिका ने हासिल किया। श्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चिंकी, द्वितीय स्थान दिव्या व तृतीय स्थान निशा ने प्राप्त किया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय समारोह पंचायत भवन में 7 को

**भिवानी,( वंदना शर्मा )**

**भिवानी, 06 अक्टूबर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर स्थानीय पंचायत भवन में सात अक्टूबर को सुबह दस बजे जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि और विधायक घनश्याम सर्राफ विशिष्ट अतिथि होंगे एसडीएम महेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें समारोह में शामिल होने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी

# मीडिया की प्री-प्रोडक्शन, प्रोडक्शन तकनीकों के बारे में जागरूक किया

**कार्यशाला**

**-विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला**



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में न्यूजरूम इनसाइड स्टोरी विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें एक्सपर्ट के तौर पर ताहिर ने खेल पत्रकारिता एवं मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों को मीडिया के न्यूज़रूम की विभिन्न तकनीकों के बारे में जानकारी दी। ताहिर ने बताया कि न्यूज़ रूम में किस प्रकार समाचार तैयार किए जाते हैं।
उन्होंने मीडिया की प्री-प्रोडक्शन, प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन तकनीकों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीडिया में सिर्फ फ्रंटलाइन पर कार्य करने वालों के अलावा अनेक तकनीकी विशेषज्ञ पर्दे के पीछे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनके कार्यों को समझना भी उतना ही आवश्यक है।
उन्होंने विद्यार्थियों को रिपोर्टर, एडिटर, प्रोड्यूसर, एंकर और न्यूज़ एजेंसियों से संबंधित बारीकियों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने मीडिया के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लेखन कला और संचार प्रक्रिया मीडिया की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि खेल पत्रकारिता और जनसंचार क्षेत्र एक विशाल वृक्ष की तरह हैं, जिसकी शाखाएँ चारों दिशाओं में फैली हुई हैं। शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. योगेश ठाकुर ने ताहिर का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में हो रहे तेजी से बदलावों को समझने और विश्लेषित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। खेल पत्रकारिता एवं जनसंचार के सहायक प्रोफेसर डॉ. जयपाल, डीन ऑफ साइंसेज डॉ. विवेक कुमार आदि ने संबोधित किया।

# सोनी धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** दादरी रोड़ पर स्थित सोनी धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह व महाराजा अजमीढ़ की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ प्रधान लक्खीराम सोनी ने की, जबकि भिवानीझ्र महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि रहे। सांसद ने महाराजा अजमीढ़ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और समाज में एकता, संस्कार एवं सेवा भावना के प्रसार पर बल दिया। चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ के आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने समाज में समानता, परोपकार और जनसेवा के मूल्यों को स्थापित किया, जिन्हें हमें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित

**प्रतियोगिता**

**प्रतियोगिता के दौरान बनाए गए चित्रों के साथ नवज्योति शिक्षा सदन के छात्र व स्कूल स्टाफ।**




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में सोमवार को रामायण और महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खुबडू भांवर रोड स्थित नवह्लयोति शिक्षा सदन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सीनियर विंग से निशांत, जय, तमन्ना, ईशान, अंजलि व प्राची की टीम और जूनियर विंग से दीक्षा, तन्वी, वर्णिका, सक्षम, जतिन व अंशिका की टीम विजेता रही। चित्रकला प्रतियोगिता में कनिका-रितिका, मोनिका व वर्षित-मानवी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने विजेताओं सम्मानित किया।

-गायत्री विद्यापीठ में हुई पेंटिंग प्रतियोगिता



बसंत विहार स्थित गायत्री विद्यापीठ में पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीम डी के अंकित-अंश प्रथम, टीम ए के दिशा-जानवी द्वितीय व टीम बी के ममता-सारिका तृतीय स्थान पर रहीं। पेंटिंग में विधि, मानवी, तमन्ना, सिया और अमिता ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। स्कूल मुख्याध्यापिका शकुंतला कौशिक ने विजेताओं को सम्मानित किया और सभी बच्चों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई दी।

# बाबा जिंदानाथ मेले में श्रद्धालुओं ने समाधि पर माथा टेक मांगी मन्नत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित समाधि स्थल श्रीश्री 108 मठ जिंदा बाबा धाम पर आश्विन माह की चतुर्दशी पर मेला लगाया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ माथा टेका। काफी श्रद्धालुओं अपनी परेशानियों के हल के लिए व पशुओं की बीमारी से राहत पाने के लिए गुड़ व झाडू चढ़ा कर मन्नतें मांगी। वहीं बाबा जिंदा पर लगे मेले में खिलौनों व मिठाइयों के स्टालों पर बच्चों व महिलाओं ने जहां जमकर खरीदारी की, वहीं बच्चों ने झूलों का भी आनंद लिया। डेरा के संचालक महंत



बाबा बालकनाथ ने मेले में आए श्रद्धालुओं को उनके घर व पशुओं में सुख शांति के लिए डोरे व भभूत का प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया। मठ की मान्यता है कि डेरे की भभूत किसी भी पशु या मनुष्य को खिलाने या लगाने से सभी संकट दूर हो जाते है। बाबा जिंदा धाम के महंत बाबा बालक नाथ ने कहा कि बाबा जिंदानाथ मच्छ, रसौली, पशुओं की बीमारी को लेकर सच्चे मन से प्रार्थना की जाए तो वह जरूर पूरी होती है। इसके लिए बाबा जिंदा आने की भी जरूरत नहीं है। जब समस्या का समाधान हो जाए तो यहां आकर भेली चढाएं।

# नरेलाः महीनों से जर्जर हालत में बस स्टैंड, राहगीर परेशान









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली में लोगों** की सुविधाओं को देखते हुए परिवहन विभाग द्वारा बसों के रुकने के लिए बस स्टैंड बनाए गए हैं, ताकि लोग यहां से बस लेकर अपने गंतव्य स्थान तक आसानी से पहुंच सके। तो वहीं दिल्ली देहात के नरेला स्थित सेक्टर ए-6 पॉकेट-11 के बस स्टैंड की हालत इतनी खराब है कि न तो लोग यहां बैठ सकते, न ही धूप और बारिश से खुद को बचा सकते हैं, जिसके चलते लोगों को इस समस्या का सामना रोजाना करना पड़ रहा है।
यहां इस बस स्टैंड की बदहाली का आलम इस कदर है कि इस बस स्टैंड पर न तो कोई मुसाफिर दो मिनट बैठ सकता और न ही ठीक से तपती गर्मी से खुद को बचा सकता है, और अब बरसात में भी वह खुद को नहीं बचा सकता है। ऐसे में बसों में सफर करने वाले मुसाफिरों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है।
इस बाबत एक राहगीर ने बताया कि महीने से ज्यादा का वक्त हो चुका है, लेकिन इस बस स्टैंड की हालत जस की तस है, इस बस स्टैंड की वजह से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
भरी गर्मी के बीच लोग धूप में खड़े रहते हैं। कई बार इसकी शिकायत भी दी जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक इसे ठीक नहीं किया गया। तपती गर्मी और बढ़ते हुए तापमान में यहां आने-जाने वाले लोगों की मुश्किलें भी बढ़ी है, इस स्टैंड की वजह से लोग ना तो खुद को धूप से बचा पाते हैं और न ही बारिश से। ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि इस स्टैंड की हालत पर कब तक प्रशासन संज्ञान लेता है और इस बस स्टैंड को सुधारने की दिशा में कब तक काम करता है।



हेमराज बंसल, प्रधान, नरेला विकाससंगठनः डीटीसी के जो भी बस स्टैंड खस्ता हालत में है। सरकार को उनको ठीक करना चाहिए। जिससे की यात्री परेशान न हो।



जोगेन्द्र दहिया, अध्यक्ष, फैडरेशन ऑफ नरेलाः दिल्ली देहात के जो भी डीटीसी के बस स्टैंड खस्ता हालत में है। उनको सरकार जल्द से जल्द ठीक करवायें।

# दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामले तेजी से बढ़ना चिंताजनकः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में जहां स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, वहीं पिछले एक सप्ताह में डेंगू के 59 और मलेरिया के 38 मामले आने के बाद हालात गंभीर बनते जा रहे है, जो चिंताजनक है। भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार की निष्क्रियता के कारण 2025 में जल जनित बीमारियों में डेंगू के सबसे ज्यादा 759 मामले, मलेरिया के कुल 371 मामले और चिकनगुनिया के 61 मामले



हो चुके है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद मलेरिया के मामले सबसे ज्यादा हुए है और डेंगू के मामले भी बढ़ने की आशंका है क्योंकि स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वास्तविक मामलों की संख्या अधिक हो सकती है। देवेन्द्र यादव ने रेखा गुप्ता सरकार से जल जनित बीमारियों के तेजी से प्रसार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की क्योंकि दिल्ली में भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार होने के बावजूद, राजधानी में किसी भी क्षेत्र में कोई सुधार नहीं देखा गया है। भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार दिल्ली में बारिश के पानी और नमी के कारण मच्छरों के प्रजनन और संक्रमण को फैलने से रोकने में नाकाम साबित हुई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले दो महीनों भाजपा के विशेष स्वच्छता अभियान के बावजूद दिल्ली में कूड़े के ढेर और गंदगी का इतना बुरा हाल है कि बारिश का पानी जमा होने से मच्छरों की पैदावार बढ़ी है यही कारण है कि पिछले एक सप्ताह में डेंगू, मलेरिया के मामलों की संख्या एकदम से बढ़ी है। नजफगढ़ जोन, करोल बाग, साउथ, वेस्ट जोन, शाहदरा साउथ और शाहदरा नार्थ जोन में डेंगू के मामले अधिक सामने आए है।

# वजीरपुर वार्डः निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने चलाया विशेष सफाई अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा से पूर्व सभी मंदिरों और सड़को पर चुना लगवाया और सफाई करवाई।
उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।
उन्होंने आगे बताया कि आज महर्षि भगवान वाल्मीकि की शोभा यात्रा से पूर्व विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। जिसके तहत वजीरपुर जेजे कॉलोनी की सभी सड़को की सफाई करवाई गई है।

# मुखर्जी नगर और बुराड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मुखर्जी नगर** और बुराड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित हुई। जहां क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ वोट चोरी के विरोध में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान पर विस्तृत चर्चा हुई।
बैठक में साफ पेयजल की आपूर्ति, टूटी सड़कों से उत्पन्न परेशानियों, डेंगू-मलेरिया के बढ़ते मामलों से लेकर वोट चोरी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर कमेटी सदस्यों ने खुलकर अपनी राय रखीं। ब्लॉक अध्यक्षों मुनिराज त्यागी और प्रदीप चौहान की अध्यक्षता में की गई इन बैठकों में करावल नगर जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला ऑब्जर्वर फरीद साहा, डॉ वी आर









चौधरी, एडवोकेट सतवीर सिंह, पूर्व प्रत्याशी लोकेंद्र सिंह और मंगेश त्यागी ने उपस्थित रहकर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशानिर्देश पर चलाए जा रहे वोट चोरी हस्ताक्षर अभियान के तहत कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के हस्ताक्षर करवाकर इस अभियान को आगे बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। आदेश भारद्वाज ने कहा कि ये मुद्दे न केवल निवासियों की दैनिक जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को भी कमजोर कर रहे हैं। क्षेत्र में जल बोर्ड की लापरवाही के कारण दूषित पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे पेट संबंधी बीमारियां फैल रही हैं। वर्षा ऋतु के बाद सड़कें गड्ढों से भरी पड़ी हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं।
बच्चों को स्कूल जाने में चोट लगने का खतरा हो रहा है, यही नहीं, इन गड्ढों में मरीजों को लेकर जाने वाली एम्बुलेंस तक फंस जा रही हैं। आदेश भारद्वाज ने स्वास्थ्य मोर्चे पर डेंगू और मलेरिया के बढ़ते केसों पर भी चिंता जताई, पिछले दो महीनों में सैंकड़ों मामले दर्ज हो चुके हैं। सभी सदस्यों ने सफाई अभियान की कमी को जिम्मेदार ठहराया और स्वास्थ्य विभाग से फॉगिंग व जागरूकता कैंप की मांग करते हुए पत्र लिखने की बात की। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन पहुँचे विजेन्द्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता 68वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस (सीपीसी) 2025 में भाग लेने के लिए बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन पहुँचे। यह कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा और इसका आयोजन कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जो 1911 में स्थापित विश्व की सबसे पुरानी संसदीय संस्थाओं में से एक है।
इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय 'द कॉमनवेल्थ ए ग्लोबल पार्टनर' है।



**आदर्श नगर इलाके के धमार्थ अस्पताल में निगम पार्षद डॉ. अमित नागपाल का स्वागत करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व शशिभूषण।**

## 'नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं'

**नई दिल्लीः उद्यम व्यापार** ने आज एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है। इनके इस्त्री प्रोजेक्ट ने सितम्बर 2025 तक देश भर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को कुल आय में रुपये 100 करोड़ की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है। इस अवसर पर कृष्णन रंगनाथन, सह-संस्थापक उद्यम लर्निंग फाउन्डेशन ने कहा कि उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो ये बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ रु 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हजारों वेंडर्स के लिए भी गौरव की बात है।

# स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को कड़े निरीक्षण के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः त्योहारी सीजन** को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने खाद्य सुरक्षा विभाग, दिल्ली सरकार के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।
बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को निर्देश दिए कि पूरी दिल्ली में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाए, ताकि त्योहारों के दौरान बिकने वाले पनीर, खोया, मिठाई, मसाले समेत सभी खाद्य पदार्थ सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों पर पूरी तरह खरा उतरें। स्वास्थ्य विभाग और



फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की टीमें मिलावट खोरों के खिलाफ लगातार छापेमारी की कार्रवाई में जुटी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली में चल रहे चल रहे सघन निरीक्षण अभियान के दौरान अेधिकारियों ने 20 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए हैं, जिनमें विशेष रूप से पनीर, खोया, मिठाई और मसालों के सैंपल्स दिल्ली के अलग-अलग इलाकों और मंडियों से जांच के लिए एकत्र किए गए हैं। इसके अतिरिक्त करीब रॉ मीट (नॉन-वेज) उत्पादों के 139 नमूने भी जांच के लिए एकत्र किए गए हैं। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने आश्वासन दिया है कि सभी खाद्य वस्तुओं की बेहद सख्त निगरानी और जांच की जा रही है, ताकि त्योहारों के दौरान दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य की पूर्ण रूप से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि सभी ब्रांड्स की बोतल बंद पानी की भी गहनता से जांच की जाए।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सैनी समाज** बारह गांव सेवा समिति किशनगढ़ वास खैरथल द्वारा आयोजित तेरहवां प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह पालपुर बीबीरानी में समिति के संरक्षक तेजराम सैनी एवं जगदीश सैनी के सानिध्य में समिति के प्रधान बालकिशन सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।
समारोह में मुख्य रूप से आमंत्रित अतिथि गणों में अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह सैनी, माली सैनी विकास संस्थान शाहपुरा के अध्यक्ष जगदीश सैनी गुड्डू, जिला सैनी महासभा खैरतल के उपाध्यक्ष









रामानंद सैनी, सैनी महासभा कोटपुतली के जिला अध्यक्ष बबलू बेरवाल, मदरलैंड ग्रुप आफ स्कूल जयपुर के डायरेक्टर सोहनलाल सैनी, प्रधानाचार्य रतिराम सैनी, कुशवाहा समाज भिवाड़ी के संरक्षक राम सिहासन मौर्य ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। समिति के सचिव नरेश कुमार सैनी ने बताया कि समाज की प्रतिभाओं को शिक्षा के प्रति जागृति लाने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने के लिए इस भव्य आयोजन पर कुशवाहा समाज समिति भिवाड़ी के अध्यक्ष मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार सिंह, सैनी महासभा खैरतल तिजारा के जिला अध्यक्ष तेजाराम सैनी, सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान राजस्थान के अध्यक्ष इंजीनियर निरंजन लाल सैनी, अलवर जिला सैनी महासभा के संरक्षक प्रधान अभय सैनी पप्पू भाई, मुंडावर के पूर्व सरपंच जगदीश सैनी, पूर्व उपनिदेशक कृषि विपणन विभाग सुरेंद्र कुमार सैनी, खेमचंद सैनी ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान कर सम्मानित किया। मंच का संचालन जिला सैनी महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र खुराडिया ने किया। समारोह में जिला बुलंदशहर कांग्रेस कमेटी ओबीसी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह सैनी, दिल्ली के कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद खेमचंद सैनी, हरियाणा लाडवा के प्रसिद्ध युवा नेता राकेश मंसूर पुरिया, अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र सिंह सैनी, राष्ट्रीय संयोजक डीके सिन्हा ने भी सम्मिलित होकर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान बढ़ाया। सैनी समाज बारह गांव सेवा समिति के प्रधान बालकिशन सैनी, उप प्रधान महेंद्र सैनी, कोषाध्यक्ष मातादीन सैनी, श्याम लाल सैनी, हीरालाल सैनी, विजेंद्र सैनी, निरंजन सैनी, बनवारी लाल सैनी,महावीर सैनी, राजेश सैनी, प्रवक्ता योगेश सैनी, बलवंत सैनी, ओमप्रकाश सैनी, मंढा के अध्यक्ष श्रीचंद सैनी, हरसोली अध्यक्ष महेंद्र कुमार सैनी, मुंडावर अध्यक्ष जगदीश सैनी, पेहल अध्यक्ष अशोक सैनी ने सभी अतिथियों, विशिष्ट अतिथियो, एवं आगंतुकों का सम्मान करते हुए आभार प्रकट किया।

# स्वदेशी अभियान में हरियाणा रहेगा सबसे आगे: डॉ अरविंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना, बलराम**

**सहकारिता,** कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा देश का ग्रोथ इंजन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने में हरियाणा अन्य राज्यों के सामने उदाहरण पेश करेगा। आज स्वदेशी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार हर युवा को नौकरी करने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में काम कर रही है। सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर सिंचाई विश्राम गृह, गोहाना में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया, जिसमें प्रवक्ता प्रदीप अहलावत, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, डॉ धर्मबीर नांदल, रणधीर लठवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जे वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का जो




लक्ष्य रखा है, उसका प्राप्ति मार्ग आत्मनिर्भरता से होकर जाता है। उन्होंने कहा कि वोकल फार लोकल का अभियान आज पूरे देश का मंत्र बन गया है, जोकि प्रत्येक भारतीय के स्वाभिमान, सामर्थ्य व संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जन आंदोलन का रूप ले रहा है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से शुरू होकर भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान स्वदेशी, स्वभूषा और स्वभाषा के स्तम्भों पर आधारित है। देश में आज 1 लाख 60 हजार स्टार्टअप्स के माध्यम से हमारे युवा विदेशी कम्पनियों को टक्कर देते हुए गुणवत्ता उत्पाद एवं सेवाएं देश ही नहीं, विदेशों में भी उपलब्ध करवा रहे हैं। आज चिकित्सा, इंजीनियरिंग व विज्ञान की कठिन मानी जाने वाली पढ़ाई को भारतीय भाषा में करवाने के अवसर इस दिशा में

**स्वदेशी का लक्ष्य**

**मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने में हरियाणा उदाहरण पेश करेगा**

बड़ी पहल हैं। देश का बने खादी की वर्ष 2014 तक 33 हजार करोड़ रुपए की बिक्री हुई थी, जोकि बीते 11 सालों में एक लाख 75 हजार करोड़ रुपए की बिक्री होने से उत्पादन में 315 प्रतिशत व बिक्री में 400 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा स्वदेशी यूपीआई ने अपनी अलग ही पहचान बनाते हुए 24 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन किए। दुनिया को 20 प्रतिशत जेनरिक दवाई व 60 प्रतिशत वैक्सीन व अमेरिका को 40 प्रतिशत व ब्रिटेन को 25 प्रतिशत दवाएं भारत आपूर्ति कर रहा है। ऐसे ही हर क्षेत्र और वैश्विक मंच पर भारत स्वदेशी के बलबूते पर निरन्तर मजबूत हो रहा है। अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर देश का बना उत्पाद खरीदें, व्यापारी देश का बना उत्पाद बेचें व7र किसान प्राकृतिक खेती को तरफ आगे बढ़ें। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा का प्रत्येक नागरिकों व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक व व्यवसायिक जीवन मे स्वदेशी को अपनाएंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हरियाणा देश का ग्रोथ इंजन बनकर अन्य राज्यों के सामने बड़ा उदाहरण पेश करेगा। इस अवसर पर मार्किट कमेटी गोहाना चेयरमैन कृष्ण सैनी, शेर सिंह बेडवाल, भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा व महेंद्र चिड़ाना, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, सूरत सिंह, प्रवीण खुराना, राजेश भावड, डॉ राममेहर राठी, जगबीर जैन, कुलदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर - डॉ विवेक शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** विशेष सामाजिक गतिविधि के तहत जे.एम.आई.ई.टी.आई. के पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जगाधरी स्थित ओल्ड का भ्रमण करवाया गया। विभाग की मेधा और श्वेता की अगुवाई में छात्रों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया, आत्मीय संवाद किया और उनके जीवन अनुभवों से प्रेरणा ली। विद्यार्थियों ने बुजुर्गों को फल व उपहार भेंट किए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उन्हें आनंदित किया।

**अमूल्य धरोहर**

**इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं**

संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके प्रति सम्मान व सेवा हर युवा का कर्तव्य है।

## न्यूज फ्लैश

## समाधान शिविर का हुआ आयोजन, आमजन की सुनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो की समस्याओं को सुना और साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारी को कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतू शुरू की गई एक सराहनीय पहल है जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी प्रार्थियों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में अंबाला में जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इन समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहकर प्रार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाता है। इस दौरान समाधान शिविर में आमजन द्वारा कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनका जल्द समाधान करने हेतु एसडीएम द्वारा निर्देश दिए गए। इस मौके पर डीएसपी विजय कुमार, एसडीओ बिजली विभाग जोगिंद्र, लोक निर्माण विभाग से जेई संदीप, जिला कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य साहब सिंह मोहड़ी व क्रीड से रूपाली के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

## रुबिकॉन रिसर्च लिमिटेड का आईपीओ, 9 अक्टूबर को खुलेगा

**नोएडा।** रुबिकॉन रिसर्च लिमिटेड (कंपनी) गुरुवार, 9 अक्टूबर, 2025 को 1 अंकित मूल्य वाले अपने इक्विटी शेयरों (इक्विटी शेयर) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (प्रस्ताव) खोलने का प्रस्ताव रखती है। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्यदिवस पहले, बुधवार, 8 अक्टूबर, 2025 है। बोली/प्रस्ताव की समाप्ति तिथि सोमवार, 13 अक्टूबर, 2025 है। प्रस्ताव का मूल्य बैंड रु1 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए रु461 से रु1 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए रु485 तक निर्धारित किया गया है। रु1 अंकित मूल्य वाले न्यूनतम 30 इक्विटी शेयरों और उसके बाद रु1 अंकित मूल्य वाले 30 इक्विटी शेयरों के गुणजों के लिए बोलियाँ लगाई जा सकती हैं।
कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 500 करोड़ रुपये तक का नया निर्गम और प्रमोटर विक्रय शेयरधारक, जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 877 .5 करोड़ रुपये तक की बिक्री की पेशकश शामिल है। इस प्रस्ताव में रु1 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है, जो पात्र कर्मचारियों (कर्मचारी आरक्षण भाग) द्वारा सदस्यता के लिए कुल रु17 .50 मिलियन तक है। कर्मचारी आरक्षण भाग को घटाकर प्रस्ताव को आगे शुद्ध प्रस्ताव कहा जाएगा। कर्मचारी आरक्षण भाग (कर्मचारी छूट) में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर रु46 की छूट दी जा रही है। कंपनी नए निर्गम प्रस्ताव से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ हिस्से के पूर्व भुगतान या निर्धारित पुनर्भुगतान, अज्ञात अधिग्रहणों और अन्य रणनीतिक पहलों के माध्यम से अकार्बनिक विकास के वित्तपोषण और सामान्य कॉपोर्रेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव करती है।

# पंछी ने सेक्टर 17 में दिवाली उत्सव से पहले सुरक्षा संबंधी चिंताएँ जताईं



**चंडीगढ़ः** चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन (पंजीकृत), सेक्टर 17 के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने दिवाली के दौरान होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए खरीदारों और दुकानदारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई हैं। उन्होंने पंजाब के माननीय राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक से नगर निगम आयुक्त और स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक को दिवाली के दिनों में सेक्टर 17 स्थित पुलिस चौकी के पास स्थित प्लाजा में एक मिनी फायर टेंडर और मिनी एम्बुलेंस की स्थायी तैनाती के निर्देश देने का आग्रह किया है।

कमलजीत सिंह पंछी ने इस बात पर जोर दिया कि आग या चिकित्सा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए ऐसी व्यवस्था जरूरी है, क्योंकि भीड़भाड़ वाले पार्किंग क्षेत्र अक्सर नियमित फायर टेंडर की आवाजाही में देरी करते हैं। बढ़ती ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा के बीच स्थानीय व्यापारियों पर पड़ने वाले आर्थिक दबाव पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आग से संबंधित कोई भी घटना उनकी स्थिति को और खराब कर सकती है।

# वैश्विक युवा महोत्सव 2025 का किया सफल आयोजन

**चंडीगढ़ /पंचकुला :** "अहिंसा, शांति एवं सर्वधर्म समभाव" जैसे महात्मा गांधी के शाश्वत आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने तथा वैश्विक एकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गांधी ग्लोबल फैमिली (जीजीएफ), नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) एवं संत निरंकारी मिशन (एसएनएम) के संयुक्त तत्वावधान में 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2025 तक संत निरंकारी सत्संग भवन, असंध रोड, पानीपत में "वैश्विक युवा महोत्सव 2025" का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में भारत सहित विभिन्न देशों से लगभग 400 युवा



प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की, जिससे यह आयोजन विचारों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मानवता के संदेश का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों में योग सत्र, श्रमदान, संवाद, भाषाओं की कक्षाएँ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। देश-विदेश से पधारे युवा कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को साकार किया। सभी प्रतिभागियों के लिए आयोजकों द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे सहभागिता सहज, सुगम एवं सशक्त बनी रही।

3 अक्टूबर को महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गांधी ग्लोबल फैमिली के अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री श्री गुलाम नबी आजाद जी उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर संत निरंकारी मिशन के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा एवं नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के सचिव श्री रण सिंह परमार भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के विभिन्न दिवसों में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की सार्थकता को और भी बढ़ाया।

संत निरंकारी मिशन की ओर से संत निरंकारी मंडल के मेंबर इंचार्ज, प्रैस एवं पब्लिसिटी विभाग श्री राकेश मुटरेजा एवं कॉर्डिनेटर, प्रचार विभाग श्री हेमराज शर्मा की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही।

# ग्लोबल कॉलेज में महिला नेतृत्व, चुनौतियां एवं अवसर विषय पर व्याख्यान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 6 अक्तूबर (कुलदीप सैनी) :** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में जेंडर सेंसिटाइजेशन कमेटी द्वारा महिला नेतृत्व : चुनौतियां एवं अवसरह्व विषय पर एक्सटर्नल एक्सपर्ट लेक्चर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीबीए विभागाध्यक्ष पूनम रानी ने किया, जबकि मुख्य वक्ता ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी की एचओडी डॉ. नेहा यादव रहीं। डॉ. यादव ने भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों



का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल समाज की आधी आबादी नहीं, बल्कि प्रगति की पूरी कहानी हैं। उन्होंने समाज में पुरुषों के सहयोग और समानता की भावना को महिलाओं की सफलता की कुंजी बताया। संस्थान निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने छात्रों को प्रेरक संदेश दिया।

## वृक्षारोपण शिविर का आयोजन किया

**चंडीगढ़ः** अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) की ट्राइसिटी इकाई ने अपने 41वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एसबीआई कॉलोनी में वृक्षारोपण शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 100 से अधिक पौधे लगाए गए। प्रियव्रत (महासचिव, एसबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन), पंकज शर्मा (सचिव, एआईबीओसी ट्राइसिटी इकाई), संजीव देवड़ा (पीएनबी), मंजू शर्मा, संजय महाजन, रविंदर वालिया, नवदीप दत्ता, अतुल शर्मा, नीरज बंदलिश, सुनील यादव और सतविंदर भाटिया सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# पुलिस टीम ने आमजन को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद (प्रदीप कुमार)**

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस टीम के लगातार कार्य कर रही है। पुलिस की नशामुक्त टीम गांव दर गांव नशामुक्ति का सन्देश पहुंचा रही है। सोमवार को जिला पुलिस के ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम नशामुक्ति का सन्देश लेकर थाना शाहबाद एरिया के पहुंची और आमजन को जागरूक किया पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार ने सोमवार को कस्बा शाहबाद में आमजन को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। आमजन से बात करते हुए ने उप निरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके एरिया में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा

**जागरूक किया**

**पुलिस आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है**

बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उप निरीक्षक ने आमजन को नशा ना करने की शपथ दिलवाई और नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वो नशे से दूर रहकर पढाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। पुलिस टीम ने आमजन के साथ बैठक कर नशामुक्त वार्ड बनाने को लेकर कस्बा वासियों से अपील की। उप निरीक्षक ने मौजूद ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि नशे से सम्बंधित किसी भी प्रकार की सूचना या टोल फ्री नम्बर 1933 पर दें।

# अवैध कॉलोनियों पर जिला नगर योजनाकार की बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः मैनपाल**

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) पंचकूला की टीम ने आज अर्बन एरिया पंचकूला में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। टीम ने गांव बतौड़, बरवाला और मानक टाबरा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में रोड नेटवर्क और डी.पी.सी. को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त किया। यह कार्रवाई सहायक नगर योजनाकार डिम्पी राठी (ड्यूटी मैजिस्ट्रेट), अशोक कुमार, सहायक नगर योजनाकार पंचकूला, कनिष्ठ अभियंता शानू



रमन और श्री अनिल की उपस्थिति में भारी पुलिस बल के साथ की गई। जिला नगर योजनाकार संजय नारंग ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा पूर्व में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अवैध निर्माण एवं सड़कें नहीं हटाए जाने के कारण विभाग को यह कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से अनुमति लिए बिना कोई भी कॉलोनी या निर्माण कार्य अवैध माना जाएगा और विभाग ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा।

**एक्शन**

**किसी भी अनधिकृत कॉलोनी में भूखंड की खरीद-फरोख्त न करें: डिम्पी राठी**

नारंग ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अनधिकृत कॉलोनी में भूखंड की खरीद-फरोख्त न करें तथा किसी भी निर्माण कार्य से पहले विभाग से आवश्यक सी.एल.यू./लाइसेंस अनुमति अवश्य प्राप्त करे।

# अनाज मंडी में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापेमारी, एक आढ़ती को नोटिस जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 6 अक्तूबर (कुलदीप सैनी)**

: मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम माप-तौल विभाग के कर्मचारियों के साथ सोमवार को रादौर अनाज मंडी पहुंची, जहां टीम के पहुंचते ही आढ़तियों में हड़कंप मच गया। अचानक हुई बारिश के चलते टीम केवल दो आढ़तियों की दुकानों की ही जांच कर सकी। जांच के दौरान एक आढ़ती की दुकान पर बोरियों का तोल 300 से 400 ग्राम अधिक पाया गया, जिस पर संबंधित आढ़ती को नोटिस जारी किया गया। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राजेश ने किया, उनके



साथ एसआई परविंद्र सिंह, एएसआई सुखविंद्र, जनकराज, बलिंद्र, तथा माप-तौल विभाग से मोहन शर्मा और सुभाष मौजूद रहे। इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार अनाज मंडियों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 40 लाख की वसूली

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** कुंडली थाना क्षेत्र में युवक को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर उससे 40 लाख रुपये की जबरन वसूली करने के मामले में सोनीपत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार महिला आरोपियों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना कुंडली पुलिस और स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत की संयुक्त टीम ने की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान महिला शिवानी, रेखा, तान्या और नंदिनी, सभी निवासी नरेला दिल्ली, तथा आरोपित तरुण, साहिल, शुभम निवासी नरेला, दिल्ली, यतेन्द्र और आशीष निवासी रोहिणी, दिल्ली के रूप में हुई है। वहीं, एक अन्य आरोपित अभिषेक निवासी नरेला अपनी गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को थाना कुंडली में एक युवक ने शिकायत दी थी कि उसकी दोस्ती उसकी ही कंपनी में काम करने वाली युवती शिवानी से हुई थी। दोनों बालिग थे और आपसी सहमति से रिलेशनशिप में आए। बाद में युवक को पता चला कि शिवानी किसी अन्य युवक से भी मिलती है, जिसके बाद उसने उससे दूरी बना ली।

# सुधा भारद्वाज ने ली पंचकुला जिला कार्यकारिणी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल :** हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुधा भारद्वाज ने आज पंचकुला जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से ह्ववोट चोरी हस्ताक्षर अभियानह्व को लेकर जानकारी दी गई और कार्यकताओं से अपील की गई कि वे इस अभियान को घर-घर



तक पहुँचाएं। सुधा भारद्वाज ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा और जनमत के सम्मान के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर महिला कांग्रेस कार्यकर्ता को इस मुहिम में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि जनता को यह संदेश दिया जा सके कि कांग्रेस पार्टी लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आगे कहा कि महिला कांग्रेस समाज के हर वर्ग की आवाज बुलंद कर रही है – चाहे वह महिलाओं के अधिकार हों, बेरोजगारी का मुद्दा हो या महंगाई से जूझती जनता की परेशानी।

## नाक पर बने जिद्दी ब्लैकहैड्स हटाने का सबसे आसान तरीका

आजकल हर कोई ब्लैकहेड्स की समस्या से परेशान रहता है। खास कर जब यह ब्लैकहेड्स आपके नाक पर हो जाए। नाक के ब्लैकहेड्स आपके चेहरे की खूबसूरती को पूरी तरह से खराब कर जाते है। यह नाक पर हो जाने से नाक काला और भदा नजर आता है। आज हम आपको उन तरीकों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप घर पर ही अपना कर इनहें दूर कर सकते है। आप इन दिए हुए नुस्खों को केवल कुछ दिन नियमित रूप से आजमाएं और फिर देखें कि ना केवल ब्लैकहेड्स ही हटेंगे बलकि चेहरे से धूल, मिट्टी और डेड सकिन भी साफ होगी।



1. नमक और रोज वॉटर एक कटोरी में एक छोटा चम्मच नमक और रोज वाटर को मिकस कर लें। गुलाबजल आपके चेहरे की चमक को बढ़ाता है। इसे नाक पर उस जगह पर रगड़े यहां पर ब?लैकहेड्स हों।

2. शक्कर कटोरी में एक चम्म्मच शक्कर और नमक मिलाएं। इससे हल्के हाथों से 15 मिनट तक नाक पर गोलाई में मसाज करें। जब यह सूख जाए तब गीले कॉटन बॉल से पोछ लें।

3. शहद एक चम्मच शहद में 2 चम्म्मच काला नमक मिलाएं। इसे लगाने से ब्लैकहेड के साथ डेड स्किन भी साफ होती है। इसे आप हफ्ते में दो बार ट्राई कर सकते है।

4. बेसन एक कटोरी में एक चम्मच बेसन, दो चम्म्मच दूध और एक चम्मच नमक मिक्स करें। इस पेस्ट को गाढा बनाएं और नाक के ब्लैकहेड पर लगाएं। 15 मिनट के बाद इसे रगड़ कर साफ कर दें। इससे लगाने से ब्लैकहेड्स तो साफ होंगे ही साथ में चेहरा भी ग्लो करेगा।

5. नींबू का रस सबसे पहले नाक पर ब्लैकहेड वाली जगह को नींबू के रस से मसाज कर लें। फिर उसी गीने चेहरे पर नमक लगा कर गोलाई में हल्के हथों से मसाज करें। 10 मिनट के बाद गरम पानी लेकर चेहरा धो लें। 6. टूथपेस्ट अगर आप को माक पर ब्लैकहेड्स है तो नाक या अन्य जगह पर टूथपेस्ट लगाएं और बाद में नमक उस पर रगड़े। इसे ऊपर के डायरेक्शन पर रगड़ें। ऐसा करने के से ब्लैकहेड्स के साथ यह रूखी त्वचा को भी साफ कर देता है।

7. दही ब्लैकहेड्स वाली जगह को नमक वाले पानी से मसाज करें और 15 मिनट बाद उस पर गाढी दही लगा कर हल्के हाथों से रगड़ें। इससे आपके चेहरे पर पैदा होनी वाली जलन दूर हो जाएगी।

## छोटे से नींबू के हैं सौंदर्य के लिए अनेको लाभ

सर्दी हो या गर्मी, नींबू एक ऐसा फल है जो हर घर में हर समय आसानी से मिल जाता है। यह केवल खाने का स्वाद ही नहीं बढाता बल्कि इसमें कई ऐसे औषध गुण भी मौजूद हैं जो कई सुंदर साधन भी है। इसमें विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है और पोटैशियम घुलनशील, जिसके चलते ज्यादा मात्रा में इसका सेवन भी नुकसानदायक नहीं होता। विटामिन सी से भरपूर नींबू शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने का अहसास होने लगता है। आज हम आपको नींबू के कुछ ब्यूटी टिप्स के बारे में बताएगें..

1. बर्तन साफ करने से हाथों की दरारें मैली हो जाती हैं। नींबू के छिलकों को रगड-रगड कर साफ करने से आपके हाथ ही नहीं नाखून तक साफ हो जाएंगे। इन छिलको से कोहनियों का कालापन भी दूर हो जाता है।

2. चेहरा जल जाने पर यदि चेहरे पर काले दाग पड़ गए हों तो एक टमाटर के गूदे में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर सुबह-शाम लगाएं और थोडी देर बाद धो लें।

3. नारियल के तेल में नींबू का रस मिलाकर रात में सिर में हल्के हाथ से लगाएं, हफ्ते में कम से कम 2-3 दिन तक मालिश करें। बालों की खुश्की दूर हो जाती है।

4. अगर आप मालिश ना भी करें तो सिर धोने के पानी में दो नींबू निचोडकर एक हफ्ता लगातार प्रयोग करने से बाल मुलायम होते हैं, उनका झाडना कम होता है और खुश्की या रूसी भी कम होती है।

5. सुबह स्नान करने से पहले नींबू के छिलकों को चेहरे पर धीरे-धीरे मलकर दो या तीन मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। ऐसे 10-15 दिन लगाता करने से चेहरे का रंग साफ हो जाता है।

6. नींबू का रस और गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं, कुछ दिनों के लगातार प्रयोग से चेहरा बेदाग और स्किन कोमल व स्वच्छ हो जाती है।

7. नींबू और तुलसी की पत्तियों का रस एक समान मात्रा में मिलाकर किसी कांच के बर्तन में रख लें और दिन में कम से कम दो बार हल्के हाथ से चेहरे पर लगाएं। कुछ दिन के लगाकर इस्तेमाल से चेहरे पर झाइयां या किसी भी प्रकार के निशान मिट जाते हैं।



## फ्रेश और तरो-ताजा दिखने के लिए अपनाएं ये ब्यूटी टिप्स



आजकल काम का प्रेशर इतना ज्यादा हो जाता है कि ऐसे में हमरें चेहरे से ही हमारी थकावट के बारे में पता चल जाता है। ऐसे में हमें प्राकृतिक चमक के लिए हमें ज़्यादा से ज़्यादा पानी पीना चाहिए और ताज़ा फल और सब्ज़ियां खानी चाहिए। यह हमारे चेहरे पर अंदर से निखार लाने के लिए सबसे कारगर प्राकृतिक उपाय है।

कई बार कुछ कारणों से हम यह करना भूल जाते हैं और इससे हमारा चेहरा सुस्त और बेजान लगने लगता है। आज हम आपको अपनी थकी हुई त्वचा को फ्रेश और चमकदार बनाने के कुछ आसान उपाय बातएगें। तो आइए जानें ये कौन से उपाय है...



1. ब्लश जब आप थके हुए होते है तो उस समय आपके चेहरे से ही पता चल जाता है कि आप बहुत ही ज्यादा थके है। ऐसे में आपके थके हुए चेहरे में जान लाने के लिए गाल पर रोसी क्रीम ब्लश लगाएं। इससे आपकी थकी हुई आंखों पर से ध्यान हट जाएगा।

2. बरौनी के बाद मस्कारा लगा लें
यह चेहरे को तरोताजा और चमकदार दिखने का सबसे कारगर उपाय है। यह आपकी आंखों को खोल देगा और आपको तरोताज़ा कर देगा। बरौनी को मोड़ने के बाद मस्कारा लगा लें।

3. कंसीलर लगा लें कभी भी पूरे चेहरे पर कंसीलर न लगाएं, सिर्फ थोड़ा सा आंखों के नीचे लगाएं ताकि आप तरोताज़ा लगें। इससे आंखों के नीचे की त्वचा बराबर हो जाएगी और आपकी आंखें बड़ी, फ्रेश लगेंगी।

4. स्क्रब करें
चेहरे को ठन्डे पानी से धोएं और उसके बाद उसे स्क्रब करें। आप ओट्स को स्क्रबर की तरह इस्तमाल कर सकती हैं। इससे डेड सेल हट जाते हैं और आपकी त्वचा गोरी हो जाती है।

5. बर्फ आप अपनी आंखों को बंद करके उन पर बर्फ को 5 मिनट तक रखें। इससे आपकी थके हुई आंखों की सूजन कम हो जाएगी। आप बर्फ को चेहरे पर भी घिसा सकते हैं जिससे आपके चेहरे की सूजन भी कम हो जाएगी।

6. क्रीम को फ्रिज में रखें
आंखों की क्रीम को फ्रिज में रखें और सुबह को इसी क्रीम को आंखों के नीचे लगाएं। इससे आंखों के नीचे की त्वचा कसेगी और सूजन भी कम होगा।

7. मसाज करें आंखों के नीचे और ऊपर क्रीम लगाते हुए त्वचा का मसाज करें। इससे खून का प्रवाह इस क्षेत्र में बढ़ेगा और आंखों की सूजन कम होगी।

